जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा

आगम-सुत्त ग्रन्थमाला

ग्रन्थ-१

दसवेआलियं

तह

उत्तरज्झयणाणि

वाचना प्रमुख

आचार्य तुलसी

सम्पादक

मुनि नथमल

(निकाय-सचिव)

प्रकाशक

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा

(आगम-साहित्य प्रकाशन समिति)

३, पोर्चुगीज चर्च स्ट्रीट

कलकत्ता-१

प्रबन्ध-व्यवस्थापक :
श्रीचन्द रामपुरिया, बी०कॉम०, बी०एल०
संयोजक,
आगम-साहित्य प्रकाशन समिति

धारक
आदर्श साहित्य संघ
चूरू (राजस्थान)

अर्थ-सहायक
सरावगी चेरिटेबल फण्ड
७ लोअर राऊडन स्ट्रीट,
कलकत्ता

प्रकाशन तिथि
मर्यादा-महोत्सव
माघ सुदी सप्तमी, स० २०२३

प्रति संख्या
११००

पृष्ठ-संख्या
८३२

मूल्य
१७०० रु०

मुद्रक
न्यू रोशन प्रिन्टिंग वर्क्स
३।१।१ रवीन्द्र सरणी कलकत्ता

ग्रन्थानुक्रम

समर्पण

पवाहिया जेण सुयस्स धारा,
गणे समत्थे मम माणसे वि ।
जो हेउभूओ स्स पवायणस्स,
कालुस्स तस्स प्पणिहाण पुव्वं ॥

जिसने श्रुत की धार बहाई,
सकल संघ में मेरे मन में ।
हेतुभूत श्रुत-सम्पादन में,
कालुगणी को विमल भाव से ॥

विनयावनत
आचार्य तुलसी

अन्तस्तोष

अन्तस्तोष अनिर्वचनीय होता है, उस माली का जो अपने हाथों से उप्त और सिंचित द्रुम-निकुंज को पल्लवित, पुष्पित और फलित हुआ देखता है, उस कलाकार का जो अपनी तूलिका से निराकार को साकार हुआ देखता है और उस कल्पनाकार का जो अपनी कल्पना को अपने प्रयत्नों से प्राणवान् बना देखता है। चिरकाल से मेरा मन इस कल्पना से भरा था कि जैन-आगमों का शोध-पूर्ण सम्पादन हो और मेरे जीवन के बहुश्रमी क्षण उसमें लगें। संकल्प फलवान् बना और वैसा ही हुआ। मुझे केन्द्र मान मेरा धर्म-परिवार उस कार्य में संलग्न हो गया। अतः मेरे इस अन्तस्तोष में मैं उन सबको समभागी बनाना चाहता हूँ, जो इस प्रवृत्ति में संविभागी रहे हैं। संक्षेप में वह संविभाग इस प्रकार है :—

सम्पादक		: मुनि नथमल (निकाय-सचिव)
	सहयोगी	: मुनि दुलहराज
पाठ-संशोधन	,,	: मुनि सुदर्शन
	,,	: मुनि मधुकर
	,,	: मुनि हीरालाल
शब्दानुक्रम	,,	: मुनि श्रीचन्द्र
	,,	: मुनि हनुमानमल (सरदारशहर)
विषयानुक्रम	,,	: मुनि रूपचन्द्र

संविभाग हमारा धर्म है। जिन-जिन ने इस गुरुतर प्रवृत्ति में उन्मुक्त भाव से अपना संविभाग समर्पित किया है, उन सबको मैं आशीर्वाद देता हूँ और कामना करता हूँ कि उनका भविष्य इस महान् कार्य का भविष्य बने।

—आचार्य तुलसी

प्रकाशकीय

परम श्रद्धास्पद पूज्य आचार्य श्री तुलसी की प्रकल्पित आगम-सम्पादन की रूपरेखा में छः ग्रन्थ-मालाओं की योजना है। योजना का रूप सम्पादकीय में दिया हुआ है। "आगम-सुत्त ग्रन्थ-माला" इन ग्रन्थ-मालाओं में से एक है। इस ग्रन्थ-माला में आगमों के संशोधित मूलपाठ पाठान्तर सहित प्रस्तुत किये जायेंगे।

प्रस्तुत पुस्तक उक्त ग्रन्थ-माला का प्रथम ग्रन्थ है। इसमें दशवैकालिक और उत्तराध्ययन—इन दोनों मूल-सूत्रों के संशोधित पाठ-मात्र प्रकाशित हो रहे हैं। संशोधित पाठों के साथ-साथ नीचे पाद-टिप्पणों में पाठान्तर दिये गये हैं।

प्रथम परिशिष्ट में दशवैकालिक शब्द-सूची एवं दूसरे परिशिष्ट में उत्तराध्ययन शब्द-सूची विस्तृत रूप में दी गई है।

उत्तराध्ययन में प्रसंगवश उल्लिखित व्यक्ति, देश, नगर, पर्वत, समुद्र, नदी, उद्यान, सिक्का, आवास, शस्त्र, धातु, रत्न, वनस्पति, प्राणी आदि के नामों की सूची तीसरे परिशिष्ट के अन्तर्गत दी गई है।

अन्त में तीन शुद्धि और आपूरक पत्र हैं, जिनमें मूलपाठ, पाठान्तर और शब्द-सूची विषयक मुद्रण की भूलों का संशोधन उपस्थित करते हुए तद्विषयक जो नई सामग्री प्राप्त हुई, वह दे दी गई है।

दोनों आगमों की पद-विभक्त विस्तृत विषय-सूची ग्रन्थों के महत्त्वपूर्ण विषयों को निकालने में सहायक होगी।

भूमिका और सम्पादकीय संक्षेप में दोनों सूत्रों का सुन्दर परिचय दे देते हैं।

इस आगम-सुत्त ग्रन्थ-माला का मूल उद्देश्य विद्वानों के सम्मुख मूल आगमों के संशोधित पाठ भावी शोध-खोज के लिए प्रस्तुत करना है। इसी दृष्टि से प्रस्तुत ग्रन्थ-माला का यह प्रथम ग्रन्थ आपके हाथों में है।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन का भार समिति की ओर से सरदारशहर-निवासी श्रीमान् मदनचन्दजी गोठी को सौंपा गया था। निरन्तर अस्वस्थ रहने पर भी बड़ी

श्रद्धा और प्रेम के साथ उन्होंने इस कार्य भार को ग्रहण किया, पर आकस्मिक निधन ने उस सम्पत्ति को हमसे छीन लिया। गोठीजी आगम-कार्य की योजना के एक महान् स्तम्भ रहे।

पाण्डुलिपि की प्रतिलिपि :

इस ग्रन्थ की पाण्डुलिपि आदर्श साहित्य संघ, चुरू (राजस्थान) से प्राप्त हुई है, जिसके लिए हम उनके हृदय से कृतज्ञ हैं।

अर्थ-व्यवस्था

इस आगम का मुद्रण-खर्च श्री रामकुमारजी सरावगी की प्रेरणा से श्री सरावगी चेरिटेबल फण्ड, कलकत्ता, जिसके सर्व श्री प्यारेलालजी सरावगी, गोविन्दलालजी सरावगी, सज्जनकुमारजी सरावगी एवं कमलनयनजी सरावगी ट्रस्टी हैं, ने वहन किया है।

श्री सरावगी चेरिटेबल फण्ड का यह आर्थिक अनुदान स्वर्गीय स्वनामधन्य श्रावक महादेवलालजी सरावगी एवं उनके सुयोग्य दिवंगत पुत्र पन्नालालजी सरावगी (सदस्य, भारतीय लोकसभा) की स्मृति में प्राप्त हुआ है। स्वर्गीय महादेवलालजी सरावगी तेरापंथ सम्प्रदाय के एक अग्रगण्य श्रावक थे और कलकत्ता के प्रसिद्ध अधिष्ठान महादेव रामकुमार से सम्बन्धित थे। स्व० पन्नालालजी सरावगी, महासभा एवं साहित्य प्रकाशन समिति के बड़े उत्साही एवं प्राणवान् सदस्य रहे। आगम प्रकाशन योजना में उनकी आरम्भ से अत्यन्त अभिरुचि रही।

उक्त योगदान के प्रति हम उक्त फण्ड के ट्रस्टीगण के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापन करते हैं।

इस ग्रन्थ के सम्पादन में जिन जिन विद्वान अथवा प्रकाशन-संस्थाओं के ग्रन्थ तथा प्रकाशनों का उपयोग हुआ है, उन सबके प्रति हम हार्दिक कृतज्ञता प्रगट करते हैं।

आगम साहित्य प्रकाशन समिति के सदस्य सर्व श्री मोहनलालजी बाँठिया 'चंचल', गोविन्दलालजी सरावगी एवं खेमचन्दजी सेठिया को भी मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूँ, जिनका सहयोग मुझे हर समय प्राप्त होता रहा है।

जैन श्वेताम्बर तेरापन्थी महासभा के अन्तर्गत गठित समिति के द्वारा आगम-साहित्य प्रकाशन का कार्य ज्यों-ज्यों आगे बढ़ रहा है, त्यों-त्यों मेरे हृदय में आनन्द का पारावार नहीं है। मैं तो अपने जीवन की एक साध ही पूरी होते हुए देख रहा हूँ।

आचार्य श्री एक युग-पुरुष हैं। जहाँ एक ओर जन-मानस की आध्यात्मिक और नैतिक चेतना की जागृति के व्यापक आन्दोलनों में उनके अमूल्य जीवन-क्षण लग रहे हैं, वहाँ दूसरी ओर भारतीय श्रमण-साहित्य और संस्कृति के मूल संदेश को जन-व्यापी बनाने का उनका उपक्रम भी अनन्य है। उनकी ओर से हो रही भारतीय साहित्य और संस्कृति की अमूल्य सेवाएँ हमारी कृतज्ञता को सहज स्फुरित करती है।

आगम-साहित्य प्रकाशन समिति
[जैन श्वेताम्बर तेरापन्थी महासभा]
३, पोर्चुगीज चर्च स्ट्रीट, कलकत्ता-१
दि० १ फरवरी, १९६७

श्रीचन्द रामपुरिया
संयोजक

सम्पादकीय

सम्पादन का कार्य सरल नहीं है—यह उन्हें सुविदित है, जिन्होंने इस दिशा में कोई प्रयत्न किया है। दो-ढाई हजार वर्ष पुराने ग्रन्थों के सम्पादन का कार्य और भी जटिल है, जिनकी भाषा और भाव-धारा आज की भाषा और भाव-धारा से वहुत व्यवधान पा चुकी है। इतिहास की यह अपवाद-शून्य गति है कि जो विचार या आचार जिस आकार में आरब्ध होता है, वह उसी आकार में स्थिर नहीं रहता। या तो वह वड़ा हो जाता है या छोटा। यह ह्रास और विकास की कहानी ही परिवर्तन की कहानी है। और कोई भी आकार ऐसा नहीं है, जो कृत है और परिवर्तनशील नहीं है। परिवर्तनशील घटनाओं, तथ्यों, विचारों और आचारों के प्रति अपरिवर्तनशीलता का आग्रह मनुष्य को असत्य की ओर ले जाता है। सत्य का केन्द्र-बिन्दु यह है कि जो कृत है, वह सव परिवर्तनशील है। कृत या शाश्वत भी ऐसा क्या है, जहाँ परिवर्तन का स्पर्श न हो। इस विश्व में जो है, वह वही है जिसकी सत्ता शाश्वत और परिवर्तन की धारा से सर्वथा विभक्त नहीं है।

शब्द की परिधि में बंधने वाला कोई भी सत्य क्या ऐसा हो सकता है, जो तीनों कालों में समान रूप से प्रकाशित रह सके? शब्द के अर्थ का उत्कर्ष या अपकर्ष होता है—भाषा-शास्त्र के इस नियम को जानने वाला यह आग्रह नहीं रख सकता कि दो हजार वर्ष पुराने शब्द का आज वही अर्थ सही है, जो आज प्रचलित है। 'पाषण्ड' शब्द का जो अर्थ आगम-ग्रन्थों और अशोक के शिला-लेखों में है, वह आज के श्रमण-साहित्य में नहीं है। आज उसका अपकर्ष हो चुका है। आगम-साहित्य के सैकड़ों शब्दों की यही कहानी है कि वे आज अपने मौलिक अर्थ का प्रकाश नहीं दे रहे हैं। इस स्थिति में हर चिन्तनशील

व्यक्ति अनुभव कर सकता है कि प्राचीन साहित्य के सम्पादन का काम कितना दुरूह है।

मनुष्य अपनी शक्ति मे विश्वास करता है और अपने पौरुष से खेलता है, अतः वह किसी भी कार्य को इसलिए नही छोड देता कि वह दुरूह है। यदि यह पलायन की प्रवृत्ति होती तो प्राप्य की सम्भावना नष्ट ही नही हो जाती किन्तु आज जो प्राप्त है वह अतीत के किसी भी क्षण मे विलुप्त हो जाता। आज से हजार वर्ष पहले नवांगी टीकाकार (अभयदेव सूरि) के सामने अनेक कठिनाइयाँ थी। उन्होने उनकी चर्चा करते हुए लिखा है :

१ सत् सम्प्रदाय (अर्थ-बोध की सम्यक् गुरु परम्परा) प्राप्त नही है।
२ सत् ऊह (अर्थ की आलोचनात्मक कृति या स्थिति) प्राप्त नही है।
३ अनेक वाचनाएँ (आगमिक अध्यापन की पद्धतियाँ) है।
४ पुस्तकें अशुद्ध है।
५ कृतियाँ सूत्रात्मक होने के कारण बहुत गभीर है।
६ अर्थ विषयक मतभेद भी है।[1]

इन सारी कठिनाइयो के उपरान्त भी उन्होने अपना प्रयत्न नही छोडा और वे कुछ कर गए।

कठिनाइयाँ आज भी कम नही है। किन्तु उनके होते हुए भी आचार्य श्री तुलसी ने आगम सम्पादन के कार्य को अपने हाथो मे ले लिया। उनके शक्तिशाली हाथो का स्पर्श पा कर निष्प्राण भी प्राणवान् बन जाता है तो भला आगम-साहित्य जो स्वय प्राणवान् है उसमे प्राण सचार करना क्या बडी बात

१—स्थानाग वृत्ति प्रशस्ति १ २

सत्सम्प्रदायहीनत्वात् सदूहस्य वियोगत:।
सर्वस्वपरशास्त्राणा मदृष्टेरस्मृतेश्च मे ॥ १ ॥
वाचनानामनेकत्वात् पुस्तकानामशुद्धित:।
सूत्राणामतिगाम्भीर्याद् मतभेदाच्च कुत्रचित् ॥ २ ॥

है ? बड़ी बात यह है कि आचार्य श्री ने उसमें प्राण-संचार मेरी और मेरे सहयोगी साधु-साध्वियों की असमर्थ अंगुलियों द्वारा कराने का प्रयत्न किया है। सम्पादन-कार्य में हमें आचार्य श्री का आशीर्वाद ही प्राप्त नहीं है किन्तु मार्ग-दर्शन और सक्रिय योग भी प्राप्त है। आचार्यवर ने इस कार्य को प्राथमिकता दी है और इसकी परिपूर्णता के लिए अपना पर्याप्त समय दिया है। उनके मार्ग-दर्शन, चिन्तन और प्रोत्साहन का संबल पा हम अनेक दुस्तर धाराओं का पार पाने में समर्थ हुए हैं।

आगम-सम्पादन की रूपरेखा

आगम साहित्य के अध्येता दोनों प्रकार के लोग हैं—विद्वद्-जन और साधारण-जन। दोनों को दृष्टि में रख कर हमने इस कार्य को छह ग्रन्थ-मालाओं में ग्रथित किया है। उसका आकार यह है :—

१. आगम-सुत्त ग्रन्थ-माला— इस ग्रन्थ-माला में आगमों के मूलपाठ, पाठान्तर, शब्दानुक्रम आदि होंगे।

२. आगम ग्रन्थ-माला— इस ग्रन्थ माला में आगमों के मूलपाठ, पाठान्तर, संस्कृत छाया, अनुवाद, पद्यानुक्रम या सूत्रानुक्रम आदि होंगे।

३. आगम-अनुसन्धान ग्रन्थ-माला—इस ग्रन्थ-माला में आगमों के टिप्पण होंगे।

४. आगम-अनुशीलन ग्रन्थ-माला—इस ग्रन्थ-माला में आगमों के समीक्षात्मक अध्ययन होंगे।

५. आगम-कथा ग्रन्थ-माला— इस ग्रन्थ-माला में आगमों से सम्बन्धित कथाओं का संकलन होगा।

६. वर्गीकृत आगम-ग्रन्थ-माला— इस ग्रन्थ-माला में आगमों के वर्गीकृत और संक्षिप्त संस्करण होंगे।

शब्दान्तर और रूपान्तर

व्याकरण और आर्ष-प्रयोग-सिद्ध शब्दान्तर एवं रूपान्तर भाषा शास्त्रीय अध्ययन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। इसलिए उन्हें पाठान्तर से पृथक् रखा है।

अध्ययन-१

स्थल	मूलपाठ	शब्दान्तर और रूपान्तर	प्रति
१।१	उक्किट्ठ	उक्कट्ठं	क,ग,घ,अचू
२।२	आवियइ	आवियती	अचू,जिचू
३।१	मुत्ता	मुक्का	अचू
३।२	साहुणो	साहवो	अचू
४।३	अहागडेसु	अहागडेहिं	अचू
४।३	रीयंति	रीयंते	घ,जिचू
४।४	पुप्फेसु	पुप्फेहिं	अचू,जिचू
४।४	भमरा	भमरो	ख
५।१	महु °	मधु °	अचू,जिचू

अध्ययन-२

स्थल	मूलपाठ	शब्दान्तर और रूपान्तर	प्रति
२।२	इत्थीओ	इत्थिओ	ख
२।४	चाइ	चागि	अचू
४।१	पेहाए	पेहाइ	क,ख
४।२	निस्सरई	नीसरई	अचू,जिचू
४।४	विणएज्ज	विणइज्ज	क,ख,ग
५।१	आयावयाही	आयावयाहि	अचू,जिचू
५।१	सोउमल्लं	सोगमल्लं, सोगुमल्लं	क,ख,ग,जिचू,घ
५।२	कमाही	कमाहि	जिचू,अचू
६।३	वन्तय	वतग	अचू
६।३	भोत्तु	भुत्तु	ग
८।१	रायस्स	राइस्स	ग
९।२	दच्छसि	दिच्छसि, दिच्छिसि	क,ख,ग
१०।२	सजयाए	सजयाइ	ख,ग,घ

११।१	करेन्ति	करंति, करिंति	ख,ग,क,घ
११।३	भोगेनु	भोगेहिं	अचू

अध्ययन-३

१।१	सुट्ठिअप्पाणं	सुट्ठितप्पाणं	अचू
२।३	राइभत्ते	रायभत्ते	ग,जिचू
४।१	नालीय	नालीए, णालीया	ख,अचू
४।३	पाणहा	पाहणा	ख,अचू,जिचू
५।३	निसेज्जा	निसज्जा	ख
६।३	तत्तानिव्वुड-भोइत्तं	तत्तअनिव्वुड-भोतीत	ख,अचू
९।१	धूवणेत्ति	धूवणित्ति	ख
९।२	वत्थीकम्म	वत्थीकम्म, पत्थीकम्म	ख, अचू
९।४	गायाभंग	गायब्भंग	जिचू
१२।१	गिम्हेसु	गिम्हासु	अचू
१२।३	° संलीणा	° संल्लीणा	जिचू
१३।१	° रिऊ	° रिवू	अचू
१३।२	धुय °	धूअ °	ख,ग
१३।२	जिइंदिया	जियंदिया	ग
१४।२	दुस्सहाइं	दूसहाइं	जिचू
१४।३	इत्थ	एत्थ	क

अध्ययन-४

सू० ९	अभिक्कंतं	पडिक्कंतं अभिकंतं पडिकंतं	ख
,, १०	दंडं	डंडं	अचू,जिचू
,, १०	समारंभेज्जा	समारभेज्जा	अचू,जिचू
,, १०	करंतं	करेंतं	अचू
,, ११	गरिहामि	गरहामि	अचू
,, १६	राइं	रायं	क

सू० १८	किलिंचेण	कलिंचेण	ख,ग,घ,जिचू
,, १८	सलागाए व सलाग	सिलागाए व सिलाग	ख,ग
,, १९	ससिणिद्ध	ससणिद्ध ससिणद्ध	क, अचू,ख
,, २१	विहुयणेण	विहुवणेण	अचू, जिचू
,, २३	पिवीलिय	पिपीलिय	जिचू
,, २३	हत्थसि वा	हत्थेसि वा	अचू,पा
१०।४	नाहिइ	नाहीइ,नाही	ख,ग,घ
१२।१	याणाइ	याणेइ,याणइ	ग,अचू
१२।४	नाहिइ	नाहीइ, नाहीय	क,ख,घ,ग
१३।१	वियाणाइ	वियाणेइ,वियाणाइ	ग,अचू
१६।३	निव्विदए	निव्विदिय,निव्विदइ	क,ग,अचू
२५।४	हवइ	भवइ	क,घ
२६।३	पहोइस्स	पहोयस्स	ख
२६।२	° साइस्स	° सायस्स	ख
२६।४,२७।४	सुग्गइ	सुगइ, सोगइ	घ,अचू,जिचू
२७।३	जिण	जिणि	क,घ

अध्ययन ५(१)

३।३	वज्जतो	वज्जेंतो	क,ग,अचू, जिचू
४।१	ओवाय	उवायं	ग
४।२	विज्जल	विजल	हाटी, जिचू
८।२	पडनीए	पडनिए	अचू
१०।१	अगायणे	अगाययणे	अचू
१३।३	इंदियाणि	इंदियाइं, इंदियाय	क ग
१६।२	रस्सा	रहसा	क,ख,ग,हाटी
२३।४	अयंपिरो	अयपुरो	अचू
२५।३	वच्चस्स	वुच्चरग	

२६।१	दग-मट्टिय	दग-मट्टी	ग
२७।२	आहरे	आहारे	क,ग,घ
२८।१	आहरंती	आहरेंती	अचू
२८।३	देंतियं	दिंतियं, दंतियं	क,ग,घ,ग
३३।१	ससिणिद्धे	ससणिद्धे	क
३४।२	कुक्कुस	कुक्कस	ग
४०।४	पुणुट्ठए	पुणट्ठए	घ, अचू
४२।१	पिज्जेमाणी	पेज्जमाणी,पज्जेमाणी	जिचू,अचू
४५।१	दग-वारएण	दग-वारेण	क,हाटी
४६।१	उब्भिंदिया	उब्भिंदियं	क,ख,ग,घ
५७।३	उम्मीसं	उम्मिसं	क,अचू,जिचू
६७।३	मंचं	मंच	क,ख,ग,घ,अचू
७१।३	सक्कुलि	संकुलि	ख
७३।२	अणिमिसं	अणमिसं	ख,ग
७३।३	अत्थियं	अच्छियं	अचू, जिचू
७३।४	सिंबलिं	संवलिं, संबिलं	घ,ख
७४।२	धम्मिए	धम्मए	घ
७७।३	भवेज्जा	हविज्जा	ख
७७।४	रोयए	रोइए, रोवए	ग,ख
७८।४	तण्हं	तण्ह	ख
८१।२	अचित्तं	अच्चित्तं	क, अचू
८५।१	निक्खिवे	निखिवे	क,ख,ग
९०।२	अव्वक्खित्तेण	अवक्खित्तेण	अचू
९६।२	एक्कओ	एगओ, इक्कओ	घ,ख,ग
९७।३	एय	एयं	अचू
९८।३	उल्लं	अल्लं	घ
१००।४	सोग्गइं	सोगइं, सुग्गइं	अचू,ख,ग

अध्ययन-५(२)

१।३	दुगंध	दुग्गंध	अचू
२।३	अयावयट्ठा	आयावयट्ठा	क,ख,ग
३।३	° उत्तेण	° वुत्तेण	अचू
५।२	पडिलेहसि	पडिलेहिसि	ख
५।४	गरिहसि	गिरिहसि,गिरिहिसि,गरहसि	ग,ख,अचू
७।३	त-उज्जुय	त-ओजुय	ख,घ
१०।२	निविण	क्विण	ग
१३।२	नियत्तिए	नियत्तए	ख,ग
१३।४	व	वा	अचू
१४।३	सच्चित	सचित	घ,अचू,जिचू
२१।३	नीम	नियम	ख
२२।३	° पिन्नाग	° पन्नाग	ख
२४।३	विहेलग	विभेलग, बिहेलग	अचू,ख
२५।४	उसढ	उस्सढ	अचू
२६।१	इत्थिय	इत्थि	अचू
३२।१	अत्तट्ठ	अत्तट्ठा	क,ख,ग,घ
३७।१	पिया	पियए	हाटी,जिचू
४६।१	वय	वई	अचू
४७।२	मूयय	मूयग	ख,ग,घ
५०।३	° हिंदिए	° हिइदिए	क,घ,जिचू

अध्ययन-६

१३।३	मेत	मित्त	क,ख,ग,घ
१८।१	लोभस्सेमो,अणुफासो	लोभस्सेसणुफासे, लोभस्सेमणफासो, लोभस्सेसणुफासो	क,घ ग,ख

२०।२	नाय °	नाइ °	क,ग
२०।४	इइ	इय	क,ख,ग,घ
२४।३	दिया	दिवा	अचू
३७।३	विइउ °	वीउ °, वितु °	ग,अचू
५१।२	° धोयण	° धोवण	क,ख,अचू
५१।३	छन्नंति	छिन्नंति, छिप्पंति	क,ख,ग,हाटी
५२।१	पच्छा °	पच्छे °	अचू
५७।४	पडिकोहो	परिकोहो, पलिकोहो	अचू
६०।३	वोक्कंतो	वुक्कंतो, वक्कंतो	क,ग,ख
६१।२	भिलुगासु	भिलगासु	क,ख,घ
६१।४	° प्पिलावए	° पलावए, ° प्पलावए	ख,ग,घ,हाटी
६३।३	° व्वट्ट °	° वट्ट °	क,ग
६४।१	नगिणस्स	निगणस्स, नगणस्स, नगणिस्स, णिगिणस्स	क,घ,ग,अचू
६७।४	नवाइ पावाइं	नवाणि पावाणि	अचू
६८।३	उउप्पसन्ने	उडुपसण्णे	अचू

अध्ययन-७

२।३	ऽणाइन्ना	अणाइण्णा	अचू
५।४	पुण	पुणो,पुणं	अचू,ख
८।१	कालम्मी	कालम्मि	ख
१२।२	पंडगे त्ति	पंडग त्ति पंडगु त्ति	क,ग,घ
१२।३	रोगि त्ति	रोग त्ति	ग
१२।४	चोरे त्ति	चोरु त्ति	घ
१३।१	वट्ठेण	अट्ठेण	क,ख,ग,घ
१४।२	वसुले त्ति	वसुल त्ति	घ
१४।३	दम्मए दुहए	दुम्मए दूहए	ख

१५।२	माउस्सिय	माउसिउ, माउसिय	क,ख,ग,घ
१५।४	नत्तुणिए	नत्तुणिय, नत्तुणइ, नत्तुणिइ	घ,क,ग,ख
१६।१	अन्नेत्ति	अन्नत्ति	ग
१८।३	भाइणोज्जति	भायणिज्जति	ख
१८।४	नत्तुणिय	नत्तुणइ, नत्तुणिइ	ग,ख
१६।१	हले त्ति	हल त्ति, हरे त्ति	ग,घ,अचू
२१।१	मणुस्स	मणुस, मणस	क,ग,घ,ख
२२।२	सरीसिव	सरीसव	ख,ग
२३।१	परिवुड्ढे	परिवुड्ढ,परिवूढ	क,ग,ख,अचू,जिचू,हाटी
२४।३	° जोग त्ति	° जोगि त्ति	ख,ग,
२५।२	घेणु	घेणू	ख
२७।२	तोरणाण गिहाण	तोरणाणि गिहाणि	क,ग
३१।४	दरिसणि	दरिसण	ग,घ,ख
३२।१	फलाइ	फलाणि	अचू
३३।२	निवट्टिमा	निव्वडिमा,निव्वत्तिमा, निवट्टिमा	जिचू अचू,ख
३३।४	रूव त्ति	रूवि त्ति	क,ख,ग
३६।४	सुनित्थ	सुतित्थे,सुतितिथ	ग,घ,ख
३६।१	° वाहडा	° पाहडा	अचू
४१।२	मडे	मने	अचू
४२।१	पयत्त	पयत्ति	क,घ
४२।१	पक्के त्ति	पक्क त्ति	क,ग,घ
४५।१	मुक्कीय	सुक्किय	ख
४७।१	तहेवामजय	तहेवऽसजत	अचू
४८।२	साहूणो	सावज्जा	अचू
५१।१	वाओ °	वाउ °	ख
५१।१	° वुट्ठ	° वुट्ठि	क,ख,ग

५३।१	अंतलिक्खे	अंतलिक्खं, अतलिक्ख	घ,हाटी,जीचू,ख
५६।३	धुन्न	धुत्त	घ

अध्ययन-८

२।४	इय	इय	ख
५।१	निसिएं	निसीए	घ
६।२	विहुयणेण	विहुवणेण	जिचू
६।३	वीएज्ज	वीए	अचू
६।४	पोग्गलं	पुग्गलं	क,ख,ग,घ
१४।१	कयराइं	कतमाणि	अचू
१६।३	अप्पमत्तो	अप्पमत्ते	अचू
१८।३	पडिलेहित्ता	पडिलेहित्तु	अचू
१६।२	पाणट्ठा	पाणत्था	अचू
२०।४	मरिहइ	मरुहति	अचू
२३।२	अयंपिरो	अयपुरो	अचू
२५।१	संतुट्ठे	संतुट्ठो	अचू
२५।२	सुहरे	सुभरे	ख,घ
२६।१	अतिंतिणे	अतिंतणे	क,ग
३५।१	पीलेइ	पीडेइ	ख,ग,जिचू,हाटी
३६।१	अणिग्गहीया	अणिग्गिहिया	अचू
४०।१	राइणिए	रायणिए	ख,ग,हाटी
४०।१	पउंजे	पयुंजे	अचू
४०।३	कुम्मो	कुम्मु,कुम्मे	क,ख,ग,घ,अचू
४१।३	मिहो	मिधु	अचू
४२।४	अट्ठं	अत्थं	अचू
४६।३	पिट्ठि	पिट्ठी	अचू
४८।३	अयंपिर	अयंपुर	अचू

४६।३	वइ	वाय, वय	जिचू ख
५३।२	विग्गहिओ	विग्गहओ	ख
५५।१	पडिच्छिन्न	पलिच्छिन्न	घ,अचू जिचू
५८।१	मणुन्नेसु	मणुन्नेसु	क,ख ग,घ
५६।३	तण्हो	तिण्हो	क
५६।४	सीई	सीन	अचू
६२।३	जसि	जमे	अचू
६३।४	चदिमा	चदिमि	क,ख,जिचू

अध्ययन-९(१)

२।२	अप्पसुए	अप्पसुय	ख,ग
६।१	पावग	पावक	अचू
१२।१	जम्सतिए	जम्सतिय	अचू
१२।२	तम्सतिए	तस्सतिय	अचू
१४।३	बुद्धिए	बुद्धीए	ख
१५।१	जुत्तो	जुते	क,ग
१७।१	मेहावी	मेहावि	ख

अध्ययन-९(२)

२।३	सिग्घ	मग्घ	अचू
१५।३	सक्कारेति	सक्कारति	अचू
२०।२	इउहिं	हेऊहिं	ख,ग
२३।१	वत्ति	वित्ति	क,ख,घ
२३।३	ओह °	ओघ °	क,ख हाटी

अध्ययन-९(३)

३।१	राइ °	राय °	ख,ग
३।३	निय °	नीय °	घ,जिचू

८।२	दुम्मणियं	दुम्मणयं	ग
१०।२	अपिसुणे	अपिस्सुणे	क,ख,ग

अध्ययन-९(४)

२।४	° यट्ठिए	° यत्थीए	अचू
७	आरहंतेहि	आरुहंतिहिं	अचू

अध्ययन-१०

४।२	निस्सियाणं	निसियाणं	क,ख,ग
६।२	हवेज्ज	भवेज्ज	अचू
७।४	वय	वइ	क,अचू
८।३	होही	होहिइ	अचू
१२।१	मसाणे	सुसाणे	अचू
१२।२	भायए	भाए	अचू
१८।१	वएज्जासि	वएज्जाहि	ख
१८।२	जेणन्नो	जेणन्नु, जेणन्न	क,घ,ख,ग

चूलिका-१

सू०१स्थान२	इत्तरिया	इत्तिरिया	ख,अचू
,, ,, ६	पडियाइयणं	पडिआयणं, पडिआययणं	जिचू,ख,ग,घ
,, ,, ९	वहाय	वहाए	अचू
,, ,, १८	वेयइत्ता	वेइत्ता	क,ख,गघ
,, ,, १८	अवेइयत्ता	अवेइत्ता	क,ख,ग,घ
२।१	जया	जहा	क
५।४	सेट्ठि °	सिट्ठि °	क,ख,ग,घ, हाटी
६।३	गलं	गलिं	ख,घ
६।३	गिलित्ता	गलित्ता	ख,ग
१०।४	° निरय	° नरय	क,घ,हाटी
१०।४	सारिसो	सालिसो	क,ग

४६।३	वइ	वाय, वय	जिचू ख
५३।२	विग्गहिओ	विग्गहओ	ख
५५।१	पडिच्छिन्न	पलिच्छिन्न	घ अचू जिचू
५८।१	मणुन्नेमु	मणुन्नेसु	क,ख ग,घ
५६।३	तण्हो	निण्हो	क
५६।४	सीई	सीत	अचू
६२।३	जसि	जसे	अचू
६३।४	चंदिमा	नदिमि	क,ख जिचू

अध्ययन ९(१)

२।२	अप्पसुए	अप्पसुय	ख ग
६।१	पावग	पावक	अचू
१२।१	जस्सतिए	जस्सतिय	अचू
१२।२	तस्सतिए	तस्सतिय	अचू
१४।३	बुद्धिए	बुद्धीए	ख
१५।१	जुत्तो	जुत्ते	क ग
१७।१	मेहावी	मेहावि	ख

अध्ययन-९(२)

२।३	सिग्घ	सग्घ	अचू
१५।३	सक्कारेंति	सक्कारति	अचू
२०।२	हउहिं	हेऊहिं	ख ग
२३।१	वत्ति	वित्ति	क,ख घ
२३।३	ओह ०	ओघ ०	क,ख हाटी

अध्ययन-९(३)

३।१	राइ ०	राय ०	ख,ग
३।३	निय ०	नीय ०	घ,जिचू

२५।२	निरट्ठं	निरत्थं	क्वचित्
२६।३	एगित्थिए	एगत्थिए	उ
३६।१	सुकडे त्ति	सुक्कडि त्ति	ऋ
३६।३	मुलट्ठे त्ति	मुलट्ठि त्ति	उ
४०।४	तोत्त	तुत्त	चू,ऋ
४१।४	पुणोत्ति	पुणित्ति	उ
		पुणत्ति	ऋ
४२।४	गरहं	गरिहं	उ,ऋ
४४।३	सुकयं	सुकडं	अ
अध्ययन-२			
सू० ३	दिगिंछा	दिगंछा	अ,उ
८।१	उसिणपरियावेणं	उसिणप्परियावे०	उ,ऋ
२४।२	पडिसंजले	पडसंजले	उ,ऋ
अध्ययन-३			
३।४	आहाकम्मेहिं	अहाकम्मेहि	अ,स,सु
२०।४	सासए	सासवे	उ
अध्ययन-४			
३।२	किच्चइ	कच्चई	उ,क
५।२	परत्था	परत्थ	चू
६।२	वीससे	विस्ससे	चू
६।४	भारुण्ड	भारंड	उ,ऋ,वृ
१३।३	दुगुंछमाणो	दुगंछमाणो	ऋ
अध्ययन-५			
३।२	असइं	असयं	उ
८।४	भूयग्गामं	भूयगामं	उ,ऋ,वृ
६।४	धुत्ते व	धुत्ते वा	अ,उ,ऋ
२।४	कमई	कम्मई	

११।४	परियाय	परियाइ	ख
१४।४	मुलभा	सुलहा	क,ख,ग,घ
१५।२	दुहोवणी	दुहोविणी	क,ख,ग
१५।२	० वत्तिणो	० वित्तिणो	क,अचू
१७।३	पयलेति	पयलंति	क,ख,ग,घ

चूलिका-२

५।२	पइ ०	पय ०	ख,ग,घ
६।३	ओसन्न	उसन्न	अचू
१०।३	एको	एको, एगो	अचू,क,ख,ग,घ
११।२	बीयं	वितियं	अचू
१३।१	पासइ	पस्सइ	अचू
१३।३	पासमाणो	पस्समाणो	अचू
१४।१	पासे	पस्से	अचू
१४।४	आइन्नओ	आइण्णो	अचू

दशवैकालिक के शब्दान्तर और रूपान्तरो की तालिका ऊपर दे दी गई है। उत्तराध्ययन के शब्दान्तर और रूपान्तरो की तालिका इस प्रकार है :

अध्ययन-१

२।४	विणीए	विणीइ	उ,ऋ
५।२	सूयरे	सूयरो	ऋ
१३।३	पक्रेन्ति	पकरिन्ति	उ
		पकरन्ति	ऋ
१४।३	कुव्वेज्जा	कुविज्जा	उ
१५।४	परत्य	परत्त	क्वचित्
१७।३	रहस्से	रहसे	उ,ऋ
१८।४	पडिम्सुणे	पडिसुणे	उ

अध्ययन-१२

१०।३	जाणाहि	जाणाह	अ
१४।३	विहूणा	विहीणा	ऋ
१५।१	तुब्भे	तुम्हे	अ
२१।४	जेणम्हि	जेणाम्हि	अ,उ,ऋ
२९।४	पगरेह	पकरेह	अ,उ,ऋ
४४।३	कम्म	कम्मे	अ,ऋ
४७।४	पत्त	पत्ति	अ,उ,ऋ

अध्ययन-१३

८।२	तुमे	तुब्भे	अ
२६।३	पंचालराया	पंचालरायं	उ
३१।१	तूरंति	तरंति	उ,ऋ

अध्ययन-१४

३।३	तहोसुयारो	तहेसुयारो	अ
१५।२	किच्च इमं	किच्चमिमं	अ,ऋ
२०।३	ओरुज्झमाणा	उ(अव)रज्जमाणा	उ
२०।४	नेव	नेय	अ
२४।४	अफला	अहला	ऋ
२५।४	सफला	अहला	ऋ
२७।३	जाणे	जाणइ	उ,ऋ
२८।१	पडिवज्जयामो	पडिवज्जेयामो	उ
२९।२	भिक्खायरियाइ	भिक्खायरियाए	अ
		भिक्खायरियाय	ऋ
३०।१	विहूणो	विहीणो	ऋ
३२।२	पजहामि	पयहामि	अ
४३।४	रागद्दोस	रागदोस	अ,उ,ऋ,च

१८।४	तण्हाए	तिण्हाइ	उ
२०।२	सपाहेओ	सपाहेज्जो	अ
		सपाहिज्जो	स
२०।४	तण्हा	तिण्हा	उ
२२।४	अवउज्झइ	अवयज्झइ	अ
२३।४	तुब्भेहिं	तुहेहिं	अ
२६।३	परिच्चाओ	परित्ताओ	उ
३५।२	महाभरो	महब्भरो	ऋ
३५।३	गुरुओ	गरुओ	अ
३८।१	अही	अहे	अ
५२।२	सिम्बलि	सांवलि	अ
५४।३	फालिओ	फाडिओ	उ
७३।१	एगभूओ	एगब्भूओ	आ
८५।३	अम्म	अम्ब	उ

अध्ययन-२०

३५।१	ततो हं	तोहं	ऋ
३७।२	दुहाण	दुक्खाण	अ

अध्ययन-२१

४।२	पसवई	पसूयई	अ
१५।४	गरहं	गरिहं	उ

अध्ययन-२२

१३।२	उत्तिमाए	उत्तमाइ	ऋ
४४।२	दिच्छसि	दच्छसि	क्वचित्
४६।२	संजयाए	संजइए	अ

अध्ययन-१५			
५।२	कुओ	कओ	उ,ऋ
६।१	जेण पुण	जेणं पुणो	अ
१२।४	वय-काय	वइ-काय	उ
अध्ययन-१६			
सू० ३	वितिगिच्छा	विचिकिच्छा	ऋ
१।२	थी	इत्थी	अ
३।१	संयव थीहिं	सथवित्थीहिं	अ
१२।१	कुइय रुइय	कुवियं रुदित	अ
१७।१	निअए	निइए	अ,आ,इ
१७।४	तहापरे	तहावरे	ऋ
अध्ययन-१८			
३।१	छुभित्ता	छुब्भित्ता	उ
१३।३	राय	राय	स
१३।४	पेच्चत्थ	पिच्चत्थ	अ,उ,ऋ
२०।४	मणो	मण	स
२७।२	मिच्छादिट्ठी	मिच्छदिट्ठी	इ
३६।२	महिड्डिओ	महड्डिओ	स
४२।२	निमूरणो	निमूदणो	उ
		निमूअणो	ऋ
५३।४	हवइ	मयइ	अ
५३।४	नीरए	नीरइ	अ
अध्ययन-१९			
६।२	अगिमिसाए	अणिमिसाइ	ऋ
१८।२	अपाहेओ	अपाहेज्जो	अ
		अपाहिओ	ऋ
		अपाहिज्जो	स

१८।४	तण्हाए	तिण्हाइ	उ
२०।२	सपाहेओ	सपाहेज्जो	अ
		सपाहिज्जो	स
२०।४	तण्हा	तिण्हा	उ
२२।४	अवउज्झइ	अवयज्झइ	अ
२३।४	तुब्भेहिं	तुहेहिं	अ
२६।३	परिच्चाओ	परित्ताओ	उ
३५।२	महाभरो	महब्भरो	उ,ऋ
३५।३	गुरुओ	गरुओ	अ
३८।१	अही	अहे	अ
५२।२	सिम्बलि	सांवलि	अ
५४।३	फालिओ	फाडिओ	अ,उ
७३।१	एगभूओ	एगब्भूओ	आ
८५।३	अम्म	अम्ब	उ

अध्ययन-२०

३५।१	ततो हं	तोहं	ऋ
३७।२	दुहाण	दुक्खाण	अ

अध्ययन-२१

४।२	पसवई	पसूयई	अ
१५।४	गरहं	गरिहं	उ

अध्ययन-२२

१३।२	उत्तिमाए	उत्तमाइ	ऋ
४४।२	दिच्छसि	दच्छसि	क्वचित्
४६।२	संजयाए	संजइए	अ

अध्ययन-२३

२६।२	वक्जडा	वक्कजडा	उ,ऋ
४१।२	निहन्तूण	णिहणिऊण	अ
४१।२	उवायओ	ओवायओ	अ

अध्ययन-२४

११।३	आहारोवहि	आहार उवहि	अ
१२।२	बीए	बीइए	अ,उ,ऋ
१८।१	वितियण्णे	विच्छिन्ने	

अध्ययन २५

६।४	उत्तमट्ठ	उत्तिमट्ठ	
१७।२	पजलिउडा	पजलियडा	अ
२८।३	तायन्ति	ताइन्ति	अ
३२।२	सिणायओ	सिणाइओ	अ
४१।४	सुक्को उ गोलओ	सुक्के उ गोलए	उ,ऋ

अध्ययन-२६

२।२	निसीहिया	निस्सीहिया	अ
३।१	पचमा	पचमी	उ
१३।१	आसाढे मासे	आसाढमासे	अ
१५।३	वइसाहेसु	वयसाहेसु	अ
१६।३	बीयतियंमी	बिइयतइयमि	उ,ऋ
१८।२	बीय	बितिए	अ
		बिइय	उ,ऋ
२६।४	छट्ठा	छट्ठी	स
२९।१	पसिढिल	पसढिल	अ,ऋ
४१।१	पडिक्कमित्तु	पडिक्कमित्ता	अ,आ

अध्ययन-२७

३।२	विहम्माणो	विहिम्माणो	उ,ऋ
६।२	एगेऽत्थ	एगित्थ	उ
		एगत्थ	ऋ

अध्ययन-२८

१६।२	आणारुई	आणरुई	उ,ऋ
३४।४	एवमब्भंतरो	एमेवब्भंतरो	अ
		एवमब्भिंतरो	उ,ऋ

अध्ययन-२९

सू० १	रोयइत्ता फासइत्ता पालइत्ता	रोइत्ता फासित्ता पालित्ता	ऋ,स
सू० १	तीरइत्ता	तीरित्ता	इ
सू० १	आराहइत्ता	आराहित्ता	ऋ
सू० १	गरहणया	गरिहणया	उ
सू० ३	सिद्धिमग्गे	सिद्धिमग्ग	अ,उ,ऋ
सू० ५	विणइत्ता	विणयइत्ता	इ
सू० ६	मिच्छादंसण	मिच्छादरिसण	अ
सू० ८	अपुरक्कारं	अपुरेक्कारं	अ
सू० १५	थवथुइ	थयथुइ	अ,उ,ऋ
सू० ३३	विणियट्टणयाए णं	विणिवट्टणयाए णं	अ,उ
सू० ७३	आणापाणु	आणापाण	ऋ
सू० ७३	वेयणिज्जं	वेयणियं	अ

अध्ययन-३०

१८।१	रच्छासु व	रत्थासु य	अ
२०।१	पोरुसीणं	पोरिसीणं	अ

अध्ययन-३१

५।२	तेरिच्छ	तेरिक्ख	अ

अध्ययन-३२

१३।१	विराला	बिडाला	बृ
१५।३	जोग्ग	जोग	अ
		जुग्ग	उ
२५।२	तसि क्खणे	तस्सि खणे	अ
		तंगि खणे	उ
२६।१	परिग्गहे	परिग्गहमि	उ,ऋ
२६।४	आययई	आइयई	अ
३१।४	समाययन्तो	समाइयन्तो	अ
३७।२	अकालिय	अत्तालिय	अ
३८।२	तसि क्खणे	तम्हि खणे	अ
३८।४	अवरज्झइ	अवरज्झई	स
३६।१	रुइरसि	रुइयसि	अ
५१।२	तसि क्खणे	तसी खणे	अ
६५।२	अतालिसे	आयालिसे	अ
७६।४	गाहग्गहीए	गाहग्गिहीए	अ,ऋ
१०३।४	हिरिमे	हरिमे	उ,ऋ
१०८।३	दसण	दरिसण	उ,ऋ

अध्ययन ३३

६।२	दसणे	दरिसणे	उ,ऋ
११।४	अतोमुहुत्त	अत मुहुत्त	स

अध्ययन-३४

७।१	हिंगुलुय	हिंगुलग	अ,ऋ
१६।२	सिरीसकुसुमाण	सरीसकुसमाण	ऊ,ऋ
३१।४	गुत्तिहिं	गुत्तिमु	उ,ऋ
३३।४	हुंति	हवति	उ,ऋ

प्रस्तुत पाठ

दसवैकालिक का जो पाठ हमने स्वीकार किया है, उसका मुख्य आधार 'ख' प्रति है। किन्तु पूर्णतः मुख्यता किसी की भी नही है। आदि से अन्त तक कोई भी प्रति शुद्ध नही मिलती। ५।२।१८ मे 'कुपुडुप्पन्न नालियं' यह पाठ अगस्त्यचूर्णि मे है। हमने वही स्वीकृत किया है। चूर्णि की भाषा मे 'त' और 'ध' की बहुलता है। जैसे—इत्थिनो (इत्थिओ २।२), सतणाणि (सयणाणि २।२), जति (जइ २।९)। 'त' का लोप प्रायः नही किया गया है।[1] ये प्रयोग प्राचीन अवश्य है पर हम लोग प्राकृत व्याकरण की सीमा मे घिरे हुए हैं, इसलिए वे हमारे लिए अपरिचित से हो गए है। 'ध' को 'ह' भी प्रायः नही किया गया है।[2] जैसे –मधुकार (महुकार १।५), साधीणे (साहीणे २।३)। सप्तमी विभक्ति के स्थान मे तृतीया का प्रयोग हुआ है। जैसे—अहागडेहिं (अहागडेसु १।४)।

उत्तराध्ययन का पाठ भी आदि से अन्त तक किसी एक प्रति के आधार पर स्वीकृत नही किया गया है। पाठ सशोधन मे प्रयुक्त सभी आदर्शों मे ३६।६५ का एक शब्द 'पुहत्तेण' है। अर्थ की दृष्टि से यहाँ 'पुहुत्तेण' होना चाहिए। बृहद्वृत्ति (पत्र ६८६) मे इसके तीन अर्थ किए गये है—महत्त्व, बहुत्व और सामर्थ्य। ये तीनो पृथु' शब्द के अर्थ हो सकते है, 'पृथक्' शब्द के नही। अभिधान चिन्तामणि कोष (६।६५) मे पृथु शब्द के पर्यायवाची नामो मे 'महत्' और 'बहु'—दोनों शब्द है। बृहद्वृत्ति (पत्र ६८६) मे 'पृथक्त्वेन' मुद्रित हुआ है, वह सभवतः लिपि-दोष के कारण हुआ है। उसका मुद्रित मूल पाठ 'पुहुत्तेण' है। उक्त अर्थ के पर्यालोचन और उपलब्ध मुद्रित पाठ के आधार पर हमने 'पुहुत्तेण' पाठ स्वीकृत किया है।

इस प्रकार और भी अनेक पाठ चूर्णि और बृहद्वृत्ति के अर्थालोचनपूर्वक स्वीकृत किए गए है।

१–हेमशब्दानुशासन, ८।१।१७७।

२–वही, ८।१।१८७।

चौंतीसवें अध्ययन में 'पद्मलेश्या' के लिए 'पम्हलेस्सा' शब्द का प्रयोग हुआ है। 'पम्ह' शब्द संस्कृत 'पक्ष्म' का प्राकृत रूपान्तर है। 'पद्म' शब्द के दो प्राकृत रूप बनते हैं—'पउम' और 'पम्म'। किन्तु 'पम्ह' रूप नहीं बनता। गोम्मटसार के लेश्या मार्गणाधिकार में पद्मलेश्या के लिए 'पम्म' और 'पउम'—दोनों शब्द प्रयुक्त हुए हैं।[1] हमने 'पम्ह' शब्द ही रखा है। क्योंकि पाठ-संशोधन में प्रयुक्त या अन्य किसी भी आदर्श में 'पम्म' या 'पउम' शब्द नहीं मिला।

दशवैकालिक और उत्तराध्ययन के उद्धृत पाठ

प्रारम्भ से ही दशवैकालिक और उत्तराध्ययन—ये दोनों सूत्र बहुर्चचित रहे है। अनेक आचार्यों ने अपनी-अपनी रचनाओं में स्थान-स्थान पर इन्हें उद्धृत किया है। ये उद्धृत पाठ शब्द और भाषा की दृष्टि से कुछ परिवर्तित रूप में प्राप्त होते हैं। यह भिन्नता क्षेत्र, काल और परम्परा के भेद के कारण हुई, ऐसा प्रतीत होता है। इन भिन्नताओं के कुछेक उदाहरण ये हैं :—

मूल पाठ—

वितहं पि तहामुत्तिं जं गिरं भासए नरो।
तम्हा सो पुट्ठो पावेणं किं पुण जो मुसं वए ? ॥ (दशवैकालिक ७।५)

बृहत्कल्प भाष्य, भाग २, पृष्ठ २६० पर उद्धृत पाठ—

वितहं पि तहामुत्तिं, जो तहा भासए नरो।
सो वि ता पुट्ठो पावेणं, किं पुणं जो मुसं वए ? ॥

मूल पाठ—

तिण्हमन्नयरागस्स निसेज्जा जस्स कप्पई।
जराए अभिभूयस्स वाहियस्स तवस्सिणो ॥ (दशवैकालिक ६।५९)

बृहत्कल्प भाष्य, भाग २, पृष्ठ ३७८ पर उद्धृत पाठ—

तिण्हमन्नयरागस्स, निसिज्जा जस्स कप्पई।
जराए अभिभूयस्स, वाहियस्सा तवस्सिणो ॥

१—गोम्मटसार (जीवकाण्ड), गाथा ४९२, ५०२।

मूल पाठ—

नगिणस्स वा वि मुडस्स दीहरोमनहंसिणो ।
मेहुणा उवसंतस्स किं विभूसाए कारियं ? ॥ (दशवैकालिक ६।६४)

मूलाराधना, आश्वास ४, श्लोक ३३३, विजयोदया टीका, पृष्ठ ६११ मे उद्धृत पाठ—

णग्गणस्स य मुण्डस्स य, दीहलोमणखस्स य ।
मेहुणादो विरत्तस्स, किं विभूसा करिस्सदि ? ॥

मूल पाठ—

अचेलगो य जो धम्मो जो इमो सन्तरुत्तरो ।
देसिओ वद्धमाणेण पासेण य महाजसा ॥
एगकज्जपवन्नाण विसेसे किं नु कारण ? ।
लिंगे दुविहे मेहावि ! कहं विप्पच्चओ न ते ? ॥ (उत्तराध्ययन २३।२६,३०)

मूलाराधना, आश्वास ४, श्लोक ३३३, विजयोदया टीका, पृष्ठ ६११ मे उद्धृत पाठ—

आचेलक्को य जो धम्मो, जो वाय पुण उत्तरो ।
देसिदो वड्ढमाणेण, पासेण य महप्पणा ॥
एग धम्मे पवत्ताण, दुविधा लिंग-कप्पणा ।
उभएसिं पदिट्ठाण, मह संसय मागदा ॥

पाठान्तर की लम्बी परम्परा

आज हमे जो पाठान्तर उपलब्ध हो रहे हैं उनके प्रधान कारण चार हैं—

(१) परम्परा भेद
(२) लिपि दोष
(३) मूल पाठ और व्याख्या का सम्मिश्रण
(४) व्याख्या का पाठ रूप मे परिवर्तन

(१) परम्परा भेद

वीर निर्वाण की सहस्राब्दी मे देवर्द्धिगणी ने आगमों को पुस्तकारूढ किया ।

उस समय जो पाठान्तर प्रचलित थे, उन्हें संकलित कर लिया गया। वे आगमों की व्याख्याओं में अब भी सुरक्षित हैं।[१]

अगस्त्य चूर्णि के रचना-काल में भी परम्परागत पाठ-भेद प्रचलित थे। वहाँ अनेक स्थलों में मतान्तरों का उल्लेख हुआ है।[२] जिनदास चूर्णि की भी यही स्थिति है। टीका-सम्मत पाठ तो इनसे बहुत भिन्न पड़ जाते हैं। दीपिकाकार टीका से भी आगे बढ़ जाते हैं। जिन श्लोकों की व्याख्या टीका में नहीं है, उन्हें दीपिकाकार मूल सूत्र मान उनकी व्याख्या करते हैं।

चूर्णिकार और टीकाकार के बीच जो पाठ-भेद है, उसका कारण परम्परा-भेद है। किन्तु दीपिका में जो पाठ-भेद है, उसका कारण परम्परा-भेद नहीं जान पड़ता। वह लिपिकर्त्ता से सम्बन्धित है। आदर्शों के लेखक प्रायः मुनि रहे हैं। वे व्याख्यान भी देते थे। व्याख्यान-काल में जो प्रासंगिक श्लोक और गाथाएँ कही जातीं, वे उसी स्थान पर लिख ली जातीं और आगे चल कर वे ही लम्बे काल में मूल में घुस जातीं। दशवैकालिक और उत्तराध्ययन के आदर्शों में ऐसा हुआ है। दशवैकालिक निर्युक्ति का निम्न श्लोक मूल के साथ लिखा गया है—

वयछक्कं कायछक्कं, अकप्पो गिहिभायणं।
पलियंकनिसेज्जा य, सिणाणं सोहवज्जणं॥ (हाटी, पत्र १९६)

इसी प्रकार उत्तराध्ययन २४।१२ के पश्चात् एक गाथा मूल आदर्श में लिखी हुई प्राप्त होती है। जैसे—

संकप्पो संरंभो, परितावकरो भवे समारंभो।
आरंभो उद्धवओ, सुद्धनयाणं तु सव्वेसिं॥

ऐसे पाठान्तरों में स्मृतिभ्रंश का भी योग रहा है। जो मुनि कण्ठस्थ-पाठ के आधार पर सूत्र-पाठ लिखते, उनके आदर्शों में स्मृति-दोष के कारण अक्षरों व

१—जिनदास चूर्णि, पृष्ठ २०४ :
नागज्जुणिया तु एवं पढंति—'एवं तु अगुणप्पेही अगुणाणं विवज्जए'।
२—देखो—दशवैकालिक, भाग २ में ३।१३ ; ५।१।७; ६।५४ के टिप्पण।

म्हीं कहीं श्लोको का विपर्यय हो जाता। उसके उत्तरवर्ती लेखक भी उसी का अनुसरण करते और पाठ भेद स्थिर हो जाता।

(२) लिपि दोष

पाठ भेद का सबसे प्रमुख कारण लिपि दोष रहा है। कालक्रम से लिपि मे परिवर्तन होता रहा है। पूर्ववर्ती लिपि उत्तरवर्ती लोगो से ठीक-ठीक नही पढी जाती और प्रतिलिपि करने वाले सभी विद्वान् नही होते। फलस्वरूप अक्षरो का विपर्यय हो जाता है। ऐसा बहुधा हुआ है।

(३) मूल पाठ और व्याख्या का सम्मिश्रण

जब आगमों को कण्ठस्थ रखने की परम्परा थी, तब उनकी व्याख्याएँ भी कण्ठस्थ रहती थी। कुछ सूत्र-स्पर्शी व्याख्याएँ पाठ के साथ साथ चलती थी। वे कालक्रम से मूल के साथ जुड गई। यह निष्कर्ष अगस्त्य चूर्णि से सहजतया निकल आता है। उसके अनुसार दशवैकालिक चतुर्थ अध्ययन के त्रस प्रकरण (सूत्राक ६) मे 'जे य कीडपयगा जा य कुंथुपिवीलिया सव्वे देवा'—ऐसा पाठ है। चूर्णिकार ने लिखा है कि यहा 'कीड' द्वीन्द्रिय जाति का प्रतीक है, इसलिए उसके द्वारा द्वीन्द्रिय जाति का ग्रहण कर लेना चाहिए। इसी प्रकार पतग और कुन्थु भी अपनी-अपनी जाति के प्रतिनिधि है। उनके द्वारा उनकी जाति का ग्रहण कर लेना चाहिए।[1] 'सव्वे बेइदिया सव्वे तेइदिया, सव्वे चउरिंदिया, सव्वे पंचिदिया'—ये व्याख्या के शब्द आगे चल कर मूल पाठ बन गए। इसलिये टीकाकार ने उन्हे मूल मानकर उनकी व्याख्या की है।[2]

१–अगस्त्य चूर्णि

कीडग्गहणेण तज्जातीय गहणमिति सव्वे बेइदिया घेप्पति। पयग गहणेण चउरिंदिया। कुथु पिवीलियाभिहाणेण तिंदिया।

२–हारिभद्रीय टीका, पत्र १४२

ये च कीटपतङ्गा इत्यत्र कीटा—कृमय, 'एकग्रहणे तज्जातीयग्रहण मिति द्वीन्द्रिया शङ्खादयोऽपि गृह्यन्ते पतङ्गा—शलभा, अत्रापि पूर्ववच्चतुरिन्द्रिया सर्व एव गृह्यन्ते अत एवाह—सर्वे द्वीन्द्रिया—कृम्यादय सर्वे त्रीन्द्रिया—कुन्थ्वादय, सर्वे चतुरिन्द्रिया—पतङ्गादय। सर्वे पञ्चेन्द्रिया सामान्यत।

इसी प्रकार महाव्रतों के सूत्र-पाठ में भी कुछ सम्मिश्रण होने का उल्लेख मिलता है।[1]

(४) व्याख्या का पाठ रूप में परिवर्तन

उत्तराध्ययन २२।२४ में 'पंचमुट्ठीहिं' ऐसा पाठ आया है। वास्तव में यह पाठ 'पंचट्ठा' था। 'अट्ठा' का अर्थ है 'मुट्ठि'। पंच अट्ठा अर्थात् पंचमुष्टि। पंचट्ठा शब्द अपरिचित था। बृहद्वृत्ति (पत्र ४६२) में पंचट्ठा का अर्थ पंचमुष्टि है। कालान्तर में यह व्याख्यागत अर्थ ही मूल पाठ बन गया।

अन्य आगमों में भी ऐसे अनेक उदाहरण हमें प्राप्त हुए हैं।

दशवैकालिक : प्रति परिचय

क : दशवैकालिक पाठ और अवचूरी (हस्त-लिखित)

यह प्रति हमारे 'संघीय संग्रह' की है। इसके पृष्ठ १७ व पत्र ३४ हैं। प्रत्येक पत्र लगभग १०। इंच लम्बा व ४। इंच चौड़ा है। प्रत्येक पृष्ठ में पाठ की पंक्तियां १२-१३ व प्रत्येक पंक्ति में ४६ से ५३ तक अक्षर हैं। अवचूरी पाठ के चारों तरफ लिखी हुई है। प्रति-काली स्याही से व गाथाओं की संख्या लाल स्याही से लिखी हुई है। प्रति के अन्त में लेखक की निम्नलिखित प्रशस्ति (पुष्पिका) है :

॥१० दशवैकालिक समाप्तमिति ।।व।। संवत् १५०३ वर्षे आषाढ़ मासे कृष्ण पक्षे चतुर्थी दिने शनिवारे ।। दशवैलिखितं ।। सुन्दरसंवेगगणि योग्यं ।।

ख : दशवैकालिक पाठ और अवचूरी (हस्त-लिखित)

यह प्रति भी हमारे 'संघीय संग्रह' की है। इसके पत्र १६ व पृष्ठ ३८ हैं। प्रत्येक पत्र लगभग १०। इंच लम्बा व ४। इंच चौड़ा है। प्रत्येक पृष्ठ में पाठ की पंक्तियाँ १३ व प्रत्येक पंक्ति में ४४ से ४६ तक अक्षर हैं। अवचूरी पाठ के चारों

१–अगस्त्य चूर्णि :

केति सुत्तमियं पढन्ति, केति वृत्तिगतं विसेसिंत्ति, जहा से तं पाणातिवाते चउव्विहे तं जहा दव्वतो, खेत्ततो, कालतो, भावतो।

तरफ लिखी हुई है। पाठ के अक्षर बडे तथा अवचूरी के अक्षर छोटे है। प्रति काली स्याही से व गाथाओं की सख्या लाल स्याही से लिखी हुई है। प्रति के अन्त मे लेखक की निम्नलिखित प्रशस्ति (पुष्पिका) है :

सवत् १४९६ वर्षे वैशाख मासे प्रतिपदाया तिथौ रविवासरे ॥ लिखित धर्मचन्द्रेण ॥

ग : दशवैकालिक पाठ और अवचूरी (हस्त-लिखित)

यह प्रति भी हमारे 'सघीय सग्रह' की है। इसके पत्र १६ व पृष्ठ ३२ है। प्रत्येक पत्र १०। इच लम्बा व ४। इच चौडा है। प्रत्येक पृष्ठ मे पाठ की पक्तियाँ १४ व प्रत्येक पक्ति मे ५२ से ५७ तक अक्षर है। अवचूरी पाठ के चारों तरफ लिखी हुई है। पाठ के अक्षर बडे तथा अवचूरी के अक्षर छोटे हैं। प्रति काली स्याही से व गाथाओं की सख्या व पद लाल स्याही से लिखे गए हैं। प्रति के अन्त मे लेखक की निम्न प्रशस्ति (पुष्पिका) है :

दसवेयालिय सुयक्खधो समत्तो ॥ग्र॥ शिवमस्तुचिर विजीयात् ॥

सवत् १४०० वर्षे भाद्रपद सुदि ११ तिथौ शुक्रवासरे समस्त देशाधिदेशे श्री मालवकाख्ये तन्मध्यवर्त्तिन्या महापुर्यामिवत्या पातसाह श्री महसुदर राज्ये प० श्री विशालकीर्ति पूज्याना पादप्रसादाद्देपाकेन लिखितमिति।

घ : दशवैकालिक पाठ और अवचूरी (हस्त लिखित)

यह प्रति 'गधैया सग्रहालय, सरदारशहर की है। इसके पत्र ३२ व पृष्ठ ६४ है। प्रत्येक पत्र १०। इच लम्बा व ४। इच चौडा है। प्रत्येक पृष्ठ मे पाठ की पक्तियाँ ८ से १३ व प्रत्येक पक्ति मे २९ से ३२ तक अक्षर है। अवचूरी पाठ के चारा तरफ लिखी हुई है। पाठ के अक्षर बडे तथा अवचूरी के अक्षर छोटे हैं। प्रति काली स्याही से व गाथाओ के सख्याक लाल स्याही से लिखे हुए हैं। अनुमानतः १४वी शताब्दी की लिखी हुई होनी चाहिए। प्रति के अन्त मे लेखक की निम्न प्रशस्ति (पुष्पिका) है :

इति श्री दसवैकालिक सूत्र समाप्त। लिखित ॥ वा० श्री साधु विजयगणिभिः कल्याणमस्तु सर्व-जनोः ॥ लेखकपाठकयोः भद्र भूयात् ॥

अ, अचू० : अगत्स्यसिंह स्थविर कृत (जैसलमेर भंडारस्थ) ताड़पत्रीय दशवैकालिक चूर्णि

इसकी फोटो-प्रिन्ट प्रति 'सेठिया पुस्तकालय', सुजानगढ़ की है। इसकी पत्र-संख्या १६५ व पृष्ठ ३३० हैं। पत्र क्रमांक संख्या १७७ से ३४२ तक है। फोटो-प्रिन्ट पत्र-संख्या ३६ तथा एक पृष्ठ में करीब ६-१० पृष्ठों के फोटो हैं। किसी में ७-८ भी हैं। प्रत्येक पत्र १४ इंच लम्बा व ३ इंच चौड़ा है। प्रत्येक पत्र में ४ या ५ पंक्तियां हैं। कहीं पंक्तियाँ अधूरी हैं। प्रत्येक पंक्ति में १४८ के करीब अक्षर हैं। यह फोटो-प्रिन्ट प्रति मुनि श्री पुण्यविजयजी से उपलब्ध हुई।

आ, अचू०पा० : अगस्त्यसिंह पाठान्तर

ज, जिचू० : जिनदास महत्तर कृत दशवैकालिक की चूर्णि (मुद्रित)

श्री ऋषभदेवजी केशरीमलजी पेढी—मुकाम रतलाम, जैनबन्धु प्रिन्टिग प्रेस इन्दौर, वि० सं० १९८९ में प्रकाशित। पृष्ठ ३८०।

जा, जिचू० पा० : जिनदास चूर्णि पाठान्तर

ह, हाटी० : हारिभद्रीय दशवैकालिक की टीका (मुद्रित)

शाह नगीन भाई घेला भाई जव्हेरी, ४२६ जव्हेरी बाजार द्वारा निर्णय-सागर मुद्रणालय कोल भाट गली बम्बई-२३ में मुद्रापित प्रकाशित। विक्रम संवत् १९७४। पत्र २८६।

हा, हाटी० पा० : हारिभद्रीय वृत्ति के पाठान्तर

उत्तराध्ययन : प्रति परिचय

अ : मूल पाठ सावचूरी (हस्त-लिखित)

यह प्रति हमारे 'संघीय-संग्रह' की है। इसके पत्र ९६ व पृष्ठ १९२ हैं। प्रत्येक पत्र १०। इंच लम्बा व ४। इंच चौड़ा है। प्रत्येक पृष्ठ में पाठ की ६ पंक्तियों से लेकर १४ पंक्तियाँ तक हैं। प्रत्येक पंक्ति में लगभग ३१ से ३४ तक अक्षर हैं। पाठ के चारों ओर अवचूरी लिखी हुई है। अवचूरी से पाठ के अक्षर बड़े हैं। लिपि सुन्दर, शुद्ध एवं पढ़ने में स्पष्ट है। प्रति काली स्याही से व गाथाओं के संख्यांक व अध्ययनों की पूर्ति लाल स्याही से की गई है। यह विक्रम संवत् १५३८ में लिखी हुई है। प्रति के अंत में लेखक की निम्नलिखित

सो पालइ निज्जरा विउला ॥ ३ ॥ जस्साढत्ती एए कह विसमप्पंति विग्घर-
हियस्स । सोलक्खिज्जइ भव्वो ॥ पुव्वरिसी एव भासंति ॥४ ॥छ॥ शुभं
भवतु ॥श्रीः॥

उ : उत्तराध्ययन पाठ व अवचूरी सहित (हस्त-लिखित)

यह प्रति जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, सरदारशहर की है। अनुमानतः सं० १५०० में लिखी हुई है। इसके पत्र ५९ व पृष्ठ ११८ हैं। पत्र १० इंच लम्बे और ४॥ इंच चौड़े हैं। पत्र के दोनों तरफ। इंच का मार्जिन है। पाठ और अवचूरी काली स्याही से लिखे हुए हैं। श्लोकांक तथा मार्जिन की रेखाएँ लाल स्याही में हैं। दोनों तरफ के मार्जिन के मध्य भाग में पाठ और चारों तरफ अवचूरी है। प्रत्येक पृष्ठ में पाठ की न्यूनतम ८ आर अधिकतम १५ पंक्तियाँ हैं। प्रति के अन्त में निम्नलिखित प्रशस्ति है :

इति श्री उत्तराध्ययनावचूरिः समाप्ता ॥ छ ॥ श्री रस्तु ॥ छ ॥ ए प्रति भ० श्री विद्यासागर सूरि पूसरीया शिष्य शुयवाय कर्मसागरे प्रति लिधी कलकवल रहित सह ।

श : उत्तराध्ययन पाठ व अवचूरी सहित (हस्त-लिखित)

यह प्रति जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, सरदारशहर की है। विक्रमाब्द १५३५ में लिखी गई है। इसके पत्र ७९ व पृष्ठ १५८ हैं। प्रत्येक पत्र १०। इंच लम्बा और ४॥ इंच चौड़ा है। यह प्रति काली स्याही से स्पष्ट लिखित है। इसके श्लोकांक तथा दोनों तरफ का मार्जिन लाल स्याही में है। प्रत्येक पृष्ठ में पाठ की न्यूनतम ६ और अधिकतम १३ पंक्तियाँ हैं। अवचूरी मार्जिन तथा पाठ के ऊपर और नीचे के भाग में लिखी हुई है। अवचूरी के अक्षर से पाठ के अक्षर लगभग ड्योढे बडे हैं। प्रति के अंत में निम्नलिखित प्रशस्ति है :

लिखिता श्री उत्तराध्ययनावचूरिः स्वपरोपकृत्यैः ॥ १ शुभं भवतु ॥१॥
सं० १५३५ वर्ष आसोज सुदि ५ भोमे अद्येह श्री ।

स : उत्तराध्ययन सर्वार्थसिद्धि टीका सहित (हस्त-लिखित)

यह प्रति छापर निवासी मोहनलालजी दुधोड़िया के संग्रहालय की है।

प्रशस्ति (पुष्पिका) है :

॥ इति षट्त्रिंशदुत्तराध्ययना नामवचूरि समाप्ताः ॥ श्री रस्तु ॥

सं० १५३८ वर्षे विशाख सुदि १० रवि लिपित ॥ चिरं नंदतु ॥१॥१

आ : उत्तराध्ययन सूत्र पाठ (हस्त लिखित)

यह प्रति छापर निवासी मोहनलाल दुधोरिया के संग्रहालय की है। इसके पत्र ८९ व पृष्ठ १७८ हैं। प्रत्येक पत्र १० इंच लम्बा व ४ इंच चौड़ा है। प्रत्येक पृष्ठ में ११ पंक्तियाँ व प्रत्येक पंक्ति में अक्षर लगभग ३२ से ४० तक हैं। अक्षर बड़े तथा पढ़ने में स्पष्ट हैं। प्रति काली स्याही से व लेखक की प्रशस्ति लाल स्याही से लिखी हुई है। प्रशस्ति निम्न प्रकार है :

> ॥ संवत १७६१ वर्षे श्री पत्तनपुरवरे श्री जिनवल्लभ सूरि सन्ताने श्री खरतर गच्छेश नभोंगण दिनकर करणि सैद्धान्तिक सिरोमणि श्रीजिनभद्र सूरि श्री जिनचन्द्र सूरि तत्पट्ट प्रतिष्ठित श्री जिनभद्र सूरि पट्ट पूर्वाचार सत्यवरावतार भाग्य सौभाग्य भगी सुभग सारम्यार भट्टारक प्रभु श्री श्री श्री जिनहंस सूरि पट्टे श्री श्री श्री जिनमाणिक्य सूरिभि: सार्वभौमै: वा० आणंद नंदन गणाय प्रसादी कृतेय प्रति।

इ : उत्तराध्ययन मूल (हस्तलिखित)

यह प्रति छापर निवासी मोहनलाल दुधोरिया के संग्रहालय की है। इसके पत्र ३८ व पृष्ठ ७६ हैं। प्रत्येक पत्र १० इंच लम्बा व ४ इंच चौड़ा है। प्रत्येक पृष्ठ में १७ पंक्तियाँ व प्रत्येक पंक्ति में अक्षर लगभग ५०-५१ हैं। अक्षर बड़े तथा पढ़ने में स्पष्ट हैं। प्रति काली स्याही में लिखी गई है। यह प्रति अनुमानतः १६ वीं शताब्दी में लिखी गई है। प्रति के अंत में लेखक की निम्नलिखित प्रशस्ति है :

> ॥ इति श्रीमदुत्तराध्ययन श्रुतस्कंध समाप्तः ॥ परमास प्रणीत ॥ छ ॥ निर्युक्तिकार एतन्माहात्म्यमाह ॥ जे किर भवसिद्धीया। परित्त समारिगया जे भव्वा। ते किर पढंति एए छत्तीस उत्तरज्झाए तम्हा जिण पन्नत्ते। अणतगम पज्जवेहिं संजुत्ते। अज्झाए जह जोग। गुरुप्पसाया अहिज्जिज्जा ॥२॥ जो ज्झागविहीद वहित्ता एए जो लिहइ सुत्त अच्छ व ॥ भासेइय भवियजणो

अनुसंधान, भाषान्तरण, समीक्षात्मक अध्ययन, तुलनात्मक अध्ययन आदि-आदि। इन सभी प्रवृत्तियों में आचार्य श्री का हमें सक्रिय योग, मार्ग-दर्शन और प्रोत्साहन प्राप्त है। यही हमारा इस गुरुतर कार्य में प्रवृत्त होने का शक्ति-बीज है।

मैं आचार्य श्री के प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन कर भार-मुक्त होऊँ, उसकी अपेक्षा अच्छा है कि अग्रिम कार्य के लिए उनके आशीर्वाद का शक्ति-संबल पा और अधिक भारी बनूं।

प्रस्तुत ग्रन्थ के सम्पादन में मुनि दुलहराजजी का अविकल योग रहा है।

पाठ-संपादन के कार्य में मुनि सुदर्शनजी, मुनि मधुकरजी और मुनि हीरालालजी ने श्रम और निष्ठापूर्वक योग दिया है।

शब्दानुक्रम आदि कार्य में मुनि श्रीचन्द्रजी 'कमल' अत्यन्त दत्तचित्तता से लगे रहे हैं। मुनि हनुमानमलजी (सरदारशहर) का भी उसमें उल्लेखनीय योग रहा है।

विषयानुक्रम मुनि रूपचन्द्रजी ने तैयार किया है।

कार्य-निष्पत्ति में इनके योग का मूल्यांकन करते हुए मैं इनके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

इस कार्य में स्वर्गीय श्री मदनचन्दजी गोठी, आगम-सम्पादन-समिति के संयोजक श्री श्रीचन्दजी रामपुरिया, आदर्श साहित्य संघ के संचालक व व्यवस्थापक श्री हनूतमलजी सुराणा और जयचन्दलालजी दफ्तरी का भी अविरल योग रहा है। आदर्श साहित्य संघ की सहयुक्त सामग्री ने इस दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है।

एक लक्ष्य के लिए समान गति से चलने वालों की समप्रवृत्ति में योग-दान की परम्परा का उल्लेख व्यवहार-पूर्ति मात्र है। वास्तव में यह हम सबका पवित्र कर्त्तव्य है और उसी का हम सबने पालन किया है।

बीदासर (राजस्थान) —मुनि नथमल

१५, अगस्त, १९६६

इसके पत्र ३२३ और पृष्ठ ६४६ हैं किन्तु प्रारम्भ के १६ पत्र प्राप्त नहीं हैं। प्रति बहुत प्राचीन है। अनुमानतः १६ शताब्दी मे लिखी हुई होनी चाहिए। पत्र इतने जीर्ण हैं कि कभी-कभी हाथ के स्पर्श से ही गिरने लगते हैं। प्रति प्रायः बहुत शुद्ध लिखी हुई है। प्रत्येक पत्र १०॥ इच लम्बा व ४। इच चौड़ा है। प्रत्येक पृष्ठ मे १५ पक्तियाँ व प्रत्येक पक्ति मे लगभग ५३-५४ अक्षर हैं। टीका और पाठ समान अक्षर मे ही लिखा हुआ है।

सु मुखबोधा टीका, नेमिचन्द्राचार्य कृत (मुद्रित)

प्रकाशक :—देवचन्द्र लालभाई।

बृ बृहद्वृत्ति 'शान्त्याचार्य कृत' (मुद्रित-निर्णयसागर प्रेस, बम्बई)

प्रकाशक :—देवचन्द्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धारे ग्रन्थाक ३३।

चू चूर्णि (गोपालिक महत्तर शिष्य कृत)

श्रेष्ठि देवचन्द्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धारे, ग्रथाक ३३।

मोहमयीपत्तने वीर सम्वत् २४४२।

कृतज्ञता-ज्ञापन

जैन परम्परा मे वाचना का इतिहास बहुत प्राचीन है। आज से १५०० वर्ष पूर्व तक आगम की चार वाचनाएँ हो चुकी हैं। देवर्द्धिगणी के बाद कोई सुनियोजित आगम वाचना नही हुई। उनके वाचना-काल मे जो आगम लिखे गए थे, वे इस लम्बी अवधि मे बहुत ही अव्यवस्थित हो गए हैं। उनकी पुनर्व्यवस्था के लिए आज फिर एक सुनियोजित वाचना की अपेक्षा थी। आचार्य श्री तुलसी ने सुनियोजित सामूहिक वाचना के लिए प्रयत्न भी किया था, परन्तु वह पूर्ण नही हो सका। अन्ततः हम इसी निष्कर्ष पर पहुचे कि हमारी वाचना अनुसन्धानपूर्ण, गवेषणापूर्ण, तटस्थ दृष्टि-समन्वित तथा सपरिश्रम होगी तो वह अपने आप सामूहिक हो जाएगी। इसी निर्णय के आधार पर हमारा यह आगम वाचना का कार्य प्रारम्भ हुआ।

हमारी इस वाचना के प्रमुख आचार्य श्री तुलसी हैं। वाचना का अर्थ अध्यापन है। हमारी इस प्रवृत्ति मे अध्यापन-कर्म के अनेक अंग हैं—पाठ का

भूमिका

भूमिका का विषयानुक्रम

*

भूमिका

१ : आगम-सूत्रों का वर्गीकरण

जैन आगमों का प्राचीनतम वर्गीकरण पूर्व और अंग के रूप में प्राप्त होता है। पूर्व संख्या में चौदह थे[1] और अंग बारह[2]।

दूसरा वर्गीकरण आगम-संकलन-कालीन है। उसमें आगमों को दो वर्गों में विभक्त किया गया है—अंग-प्रविष्ट और अंग-बाह्य।[3]

तीसरा वर्गीकरण इन दोनों का मध्यवर्ती है। उसमें आगम-साहित्य के चार वर्ग किए गए हैं—(१) चरण-करणानुयोग, (२) धर्मकथानुयोग, (३) गणितानुयोग और (४) द्रव्यानुयोग।

एक वर्गीकरण सबसे उत्तरवर्ती है। उसके अनुसार आगम चार वर्गों में विभक्त होते हैं—(१) अंग, (२) उपांग, (३) मूल और (४) छेद।

नंदी के वर्गीकरण में मूल और छेद का विभाग नहीं है। उपांग शब्द भी अर्वाचीन है। नंदी के वर्गीकरण में इस अर्थ का वाचक अनंग-प्रविष्ट या अंग-बाह्य शब्द है।

आगमों का एक वर्गीकरण अध्ययन-काल की दृष्टि से भी किया गया है। दिन और रात के प्रथम एवं अन्तिम प्रहर में पढ़े जाने वाले आगम 'कालिक' तथा दिन और रात के चारों प्रहरों में पढ़े जाने वाले आगम 'उत्कालिक' कहलाते हैं।

दशवैकालिक और उत्तराध्ययन—ये दोनों 'मूल-सूत्र' कहे जाते हैं।

१–समवायाङ्ग, समवाय १४ :

चउदस पुव्वा प० तं०—

उप्पायपुव्वमग्गेणियं च तइयं च वीरियं पुव्वं।
अत्थीनत्थिपवायं तत्तो नाणप्पवायं च॥
सच्चप्पवायपुव्वं तत्तो आयप्पवायपुव्वं च।
कम्मप्पवायपुव्वं पच्चक्खाणं भवे नवमं॥
विज्जाअणुप्पवायं अवंझपाणाउ बारसं पुव्वं।
तत्तो किरियविसालं पुव्वं तह बिंदुसारं च॥

२–वही, समवाय १३६ :

दुवालसंगे गणिपिडगे प० तं०—आयारे सूयगडे ठाणे समवाए विवाहपन्नत्ती णायाधम्मकहाओ उवासगदसाओ अंतगडदसाओ अणुत्तरोववाइयदसाओ पण्हावागरणाइं विवागसुए दिट्ठिवाए।

३–नंदी, सूत्र ४३ :

अहवा तं समासओ दुविहं पण्णत्तं तंजहा—अङ्गपविट्ठं अङ्गबाहिरं च।

२ : मूल सूत्र

दसवैकालिक और उत्तराध्ययन गणधर कृत नहीं हैं इसलिए अंग बाह्य है। इन्हें मूल सूत्र माना गया इसका कोई प्राचीन उल्लेख उपलब्ध नहीं है। अनेक विद्वानों ने मूल शब्द की अनेक आनुमानिक व्याख्याएँ की हैं। दसवैकालिक एक समीक्षात्मक अध्ययन में इसका उल्लेख हम कर चुके हैं।

प्रो० विन्टरनित्ज ने मूल शब्द को मूल ग्रन्थ के अर्थ में स्वीकृत किया है। उनका अभिप्राय यह है—इन सूत्रों पर अनेक टीकाएँ हैं। इनसे मूल ग्रन्थ का भेद करने के लिए इन्हें मूल सूत्र कहा गया।[1] यह प्रामाणिक नहीं है। प्रो० विन्टरनित्ज ने पिण्डनियुक्ति को भी मूल वर्ग में सम्मिलित किया है। किन्तु उसकी अनेक टीकाएँ नहीं हैं। यदि अनेक टीकाएँ होने के कारण ही मूल सूत्र की संज्ञा दी गई तो पिण्डनियुक्ति इस वर्ग में नहीं आ सकती।

डॉ० सरपेन्टियर[2] डा० ग्यारीनो[3] और प्रो० पटवर्धन[4] ने मूल-सूत्र का अर्थ भगवान महावीर के मूल शब्दों का संग्रह किया है। किन्तु यह भी संगत नहीं है।

१—ए हिस्ट्री ऑफ इण्डियन लिटरेचर भाग २ पृ० ४६६ पाद टिप्पणी १

Why these texts are called root Sutras is not quite clear Generally the word mula is used in the sense of fundamental text in contradistinction to the commentary Now as there are old and important commentaries in existence precisely in the case of these texts they were probably termed Mula texts

२—दी उत्तराध्ययन सूत्र भूमिका पृ० ३२

In the Buddhist work Mahavyutpatti 245 1265 mulagrantha seems to mean original text i e the words of Buddha himself Consequently there can be no doubt whatsoever that the Jains too may have used mula in the sense of original text and perhaps not so much in opposition to the later abridgments and commentaries as merely to denote the actual words of Mahavira himself

३—ल रिलीजीयन द जैन पृ० ७९

The word Mula Sutra is translated as tratés originaux

४—दी दशवैकालिक सूत्र ए स्टडी पृ० १६

We find however the word Mula often used in the sense of original text and it is but reasonble to hold that the

भगवान् महावीर के मूल शब्दों के कारण ही किसी आगम को 'मूल' संज्ञा दी जाय तो वह आचारांग के प्रथम श्रुतस्कंध को ही दी जा सकती है। वह सबसे प्राचीन और महावीर के मूल शब्दों का संकलन है।

दशवैकालिक और उत्तराध्ययन मुनि की जीवन-चर्या के प्रारम्भ में मूलभूत सहायक बनते हैं तथा आगमों का अध्ययन इन्हीं के पठन से प्रारम्भ होता है। इसीलिए इन्हें 'मूल-सूत्र' की मान्यता मिली, ऐसा प्रतीत होता है। डॉ० शुब्रिंग का अभिमत भी यही है।[1]

हमारा दूसरा अभिमत यह है कि इनमें मुनि के मूल गुणों—महाव्रत, समिति आदि का निरूपण है। इस दृष्टि से इन्हें 'मूल-सूत्र' की संज्ञा दी गई।

३ : मूलाचार और मूल-सूत्र

'मूलाचार' आचार्य वट्टकेर की रचना है।[2] उससे भी उक्त अभिमत की पुष्टि होती है। मूलाचार में मुनि के मूल आचार का निरूपण है। उसमें उत्तराध्ययन के अनेक श्लोक संगृहीत हैं।[3]

---

word Mūla appearing in the expression Mūlasūtra has got the same sense. Thus the term Mūlasūtra would mean "the original text", i.e., "the text containing the original words of Mahāvīra (as received directly from his mouth)". And as a matter of fact we find, that the style of Mūlasūtras Nos. 1 and 3 (उत्तराध्ययन and दशवैकालिक) as sufficiently ancient to justify the claim made in their favour by their original title, that they represent and preserve the original words of Mahāvīra.

१—दसवेयालिय सुत्त, भूमिका, पृ० ३ :

Together with the Uttarajjhāyā (commonly called Uttarajjjhayana Sutta) the Āvassaganijjuti and the Pindanijjutti it forms a small group of texts called Mūlasutta. This designation seems to mean that these four works are intended to serve the Jain monks and nuns in the beginning (मूल) of their career.

२—मुनि कल्याणविजयजी गणी ने 'श्रमण भगवान् महावीर' पृ० ३४३ पर 'मूलाचार' का रचना-काल विक्रम की सातवीं शताब्दी के आस-पास माना है।

३—मूलाचार, ४।६९	मिलाइए—उत्तराध्ययन,	३६।२५७
" ४।७०	" "	३६।२५८
" ४।७२	" "	३६।२६०
" ४।७३	" "	३६।२६१

दशवैकालिक उत्तराध्ययन आवश्यक तथा ओघनिर्युक्ति पिण्डनिर्युक्ति को मूल-सूत्र' वर्ग में स्थापित करने वाले आचार्य के मन में वही कल्पना रही है जो कल्पना आचार्य वट्टकेर के मन में मूलाचार' के अधिकार निर्माण में रही है। 'मूल-सूत्रों की विषय वस्तु से जो अधिकार तुलनीय है वे ये है—

(१) मूल गुणाधिकार	मिलाइए—दशवैकालिक उत्तराध्ययन
(४) समाचाराधिकार	मिलाइए—ओघनिर्युक्ति
(६) पिण्ड शुद्धि अधिकार	मिलाइए—पिण्डनिर्युक्ति
(७) षडावश्यकाधिकार	मिलाइए—आवश्यक

इस सादृश्य के आधार पर दशवैकालिक उत्तराध्ययन आदि को मूल-सूत्र' वर्ग में रखने का हेतु बुद्धिगम्य हो जाता है।

४ : मूल-सूत्र वर्ग की कल्पना और श्रुत-पुरुष

मूल-सूत्र वर्ग की कल्पना का एक कारण श्रुत-पुरुष (आगम-पुरुष) भी हो सकता है। नंदी चूर्णि में श्रुत-पुरुष की कल्पना की गई है। पुरुष के शरीर में बारह अंग होते है—दो पैर दो जंघाएँ दो ऊरु दो गात्रार्ध (उदर और पीठ) दो भुजाएँ ग्रीवा और सिर। आगम-साहित्य में जो बारह अंग है वे ही श्रुत-पुरुष के बारह अंग हैं।[1] अंग-बाह्य श्रुत-पुरुष के उपांग स्थानीय है। यह परिकल्पना अंग प्रविष्ट और अंग-बाह्य—इन दो आगमिक वर्गों के आधार पर हुई है। इसमें मूल और छेद की कोई चर्चा नहीं है। हरिभद्रसूरि (विक्रम की ८ वी शताब्दी) और आचार्य मलयगिरि (विक्रम की १३ वी शताब्दी) के समय तक भी श्रुत-पुरुष की कल्पना में अंग प्रविष्ट और अंग-बाह्य—ये दो ही परिपार्श्व रहे है। इन दोनों आचार्यो ने चूर्णि का अनुसरण किया है। उसमें कोई नई बात नहीं जोडी है।[2] आचार्य मलयगिरि ने तो अंग प्रविष्ट तथा आचारांग आदि को भी मूल भूत' कहा है।[3] श्रुत-पुरुष की प्राचीन रेखा-कृतियों में अंग प्रविष्ट श्रुत की स्थापना इस प्रकार है —

१—नंदी चूर्णि, पृ० ४७

इच्चेतस्स सुतपुरिसस्स जं सुतं अंगभागठितं तं अंगपविट्ठं भण्णइ।

२—नंदी हारिभद्रीय वृत्ति, पृ० ९०।

३—नंदी, मलयगिरीया वृत्ति, पत्र २०३

यद् गणधरदेवकृत तदंगप्रविष्ट मूलभूतमित्यर्थ, गणधरदेवा हि मूलभूतमाचारादिक श्रुतमुपरचयन्ति।

१—दायाँ पैर	=	आचारांग
२—बायाँ पैर	=	सूत्रकृतांग
३—दाईं जंघा	=	स्थानांग
४—बाईं जंघा	=	समवायांग
५—दायाँ ऊरु	=	भगवती
६—बायाँ ऊरु	=	ज्ञाताधर्मकथा
७—उदर	=	उपासकदशा
८—पीठ	=	अन्तकृद्दशा
९—दाईं भुजा	=	अनुत्तरोपपातिकदशा
१०—बाईं भुजा	=	प्रश्नव्याकरण
११—ग्रीवा	=	विपाक
१२—शिर	=	दृष्टिवाद

इस स्थापना के अनुसार भी मूल-स्थानीय (चरण-स्थानीय) आचारांग और सूत्रकृतांग हैं।[1]

श्रुत-पुरुष की अन्य रेखा-कृतियों में स्थापना भिन्न प्रकार से मिलती है। उनमें मूल-स्थानीय चार सूत्र हैं—आवश्यक, दशवैकालिक, पिण्डनिर्युक्ति और उत्तराध्ययन। नंदी और अनुयोगद्वार को व्याख्या-ग्रन्थों (या चूलिका-सूत्रों) के रूप में 'मूल' से भी नीचे प्रदर्शित किया है।[2]

पैंतालीस आगमों को प्रदर्शित करने वाली श्रुत-पुरुष की रेखाकृति बहुत अर्वाचीन है। यदि इनकी कोई प्राचीन रेखाकृति प्राप्त हो तो प्रस्तुत विषय की प्रामाणिक जानकारी हो सकती है। जिस समय पैंतालीस आगमों की मान्यता स्थिर हुई, उसके आस-पास या उसी समय, संभव है श्रुत-पुरुष की स्थापना में भी परिवर्तन हुआ। चूर्णि-कालीन श्रुत-पुरुष के 'मूल-स्थान' (चरण-स्थान) में आचारांग और सूत्रकृतांग थे। उत्तर-कालीन श्रुत-पुरुष के 'मूल-स्थान' मे दशवैकालिक और उत्तराध्ययन आ गए। इन्हें 'मूल-सूत्र' मानने का यह सर्वाधिक संभावित हेतु है।

१–श्री आगम पुरुषनुं रहस्य, पृष्ठ ५० के सामने (श्री उदयपुर, मेवाड़ के हस्त-लिखित भण्डार से प्राप्त प्राचीन) श्री आगम पुरुष का चित्र।

२–वही, पृष्ठ १४ तथा ४९ के सामने वाला चित्र।

५ : अध्ययन-क्रम का परिवर्तन और मूल सूत्र

आगमिक अध्ययन के क्रम में जो परिवर्तन हुआ उससे भी इसकी पुष्टि होती है। दशवकालिक की रचना से पूर्व आचाराग के बाद उत्तराध्ययन पढा जाता था। दशवैकालिक की रचना होने के पश्चात दशवैकालिक के बाद उत्तराध्ययन पढा जाने लगा।[1]

प्राचीन काल में आचाराग के प्रथम अध्ययन शास्त्र परिज्ञा का अध्ययन करा कर शैक्ष की उपस्थापना की जाती थी और फिर वह दशवैकालिक के चतुर्थ अध्ययन षड्जीवनिका का अध्ययन करा कर की जाने लगी।[2]

प्राचीन काल में आचाराग के द्वितीय अध्ययन के पचम उद्देशक के आमगध सूत्र का अध्ययन करने के बाद मुनि पिण्डकल्पी होता था। फिर वह दशवैकालिक के पाचवें अध्ययन पिण्डैषणा के अध्ययन के पश्चात पिण्डकल्पी होने लगा।[3]

ये तीनो तथ्य इस बात के साक्षी है कि एक समय आचाराग का स्थान दशवैकालिक ने ले लिया। आचार की जानकारी के लिए आचाराग मूल भूत था वैसे ही दशवैकालिक भी आचार ज्ञान के लिए मूल भूत बन गया। सभव है आदि में पढे जाने के कारण तथा मुनि की अनेक मूल भूत प्रवृत्तियो के उदबोधक होने के कारण इन्हे मूल-सूत्र की सज्ञा दी गई।

६ : मूल-सूत्रों की सख्या

१—उपाध्याय समयसुन्दर ने सामाचारी शतक में (इसकी रचना विक्रम स० १६७२ में हुई थी) मूल सूत्र चार माने है—(१) दशवैकालिक (२) ओघनिर्युक्ति (३) पिण्डनिर्युक्ति और (४) उत्तराध्ययन।

१–व्यवहार भाष्य उद्देशक ३ गाथा १७६
आयारस्स उ उवरिं उत्तरज्झयणा उ आसि पुव्वं तु।
दसवेयालिय उवरिं इयाणिं किं ते न होंती उ॥

२–वही उद्देशक ३, गाथा १७४
पुव्वं सत्थपरिण्णा, अधीय पढियाइ होउ उवट्ठवणा।
इण्हिं छज्जीवणया किं सा उ न होउ उवट्ठवणा॥

३–वही उद्देशक ३ गाथा १७५
बितितमि बमचेरे पचमउद्देसे आमगधम्मि।
सुत्तमि पिंडकप्पी इइ पुण पिंडेसणाएओ॥

२—भावप्रभसूरि (१८ वीं शताब्दी) ने भी 'मूल-सूत्र' चार माने हैं—(१) उत्तराध्ययन, (२) आवश्यक, (३) पिण्डनिर्युक्ति-ओघनिर्युक्ति और (४) दशवैकालिक।[१] ये नाम उपाध्याय समयसुन्दर के नामों से भिन्न हैं। इसमें पिण्डनिर्युक्ति और ओघनिर्युक्ति को एक मानकर 'आवश्यक' को भी 'मूल-सूत्र' माना गया है।

३—स्थानकवासी[२] और तेरापन्थ[३] सम्प्रदाय में उत्तराध्ययन, दशवैकालिक, नंदी और अनुयोगद्वार—इन चार सूत्रों को 'मूल' माना गया है।

४—आधुनिक विद्वानों ने 'मूल-सूत्रों' की संख्या और क्रम-व्यवस्था निम्न प्रकार मानी है :

(क) प्रो० वेवर और प्रो० बूलर—उत्तराध्ययन, आवश्यक और दशवैकालिक को 'मूल-सूत्र' ठहराते हैं।

(ख) डॉ० सरपेन्टियर, डॉ० विन्टरनित्ज और डॉ० ग्यारिनो—उत्तराध्ययन, आवश्यक, दशवैकालिक और पिण्डनिर्युक्ति को 'मूल-सूत्र' मानते हैं।

(ग) डॉ० सुब्रिंग—उत्तराध्ययन, दशवैकालिक, आवश्यक, पिण्डनिर्युक्ति और ओघनिर्युक्ति को 'मूल-सूत्रों' की संज्ञा देते हैं।[४]

(घ) प्रो० हीरालाल कापड़िया—आवश्यक, उत्तराध्ययन, दशवैकालिक, दशवैकालिक चूलिकाएँ, पिण्डनिर्युक्ति और ओघनिर्युक्ति को 'मूल-सूत्र' कहते हैं।[५]

उक्त सब अभिमतों को संकलित करने पर 'मूल-सूत्रों' की संख्या आठ हो जाती है—आवश्यक, दशवैकालिक, दशवैकालिक-चूलिकाएँ, उत्तराध्ययन, पिण्डनिर्युक्ति, ओघनिर्युक्ति, अनुयोगद्वार और नंदी।

आगमों के वर्गीकरण में आवश्यक का स्थान बहुत महत्त्वपूर्ण है। अनंग-प्रविष्ट आगमों के दो विभाग किए गए हैं। उनमें पहला आवश्यक और दूसरा आवश्यक-व्यतिरिक्त है। दशवैकालिक, उत्तराध्ययन आदि आगम दूसरे विभाग के अन्तर्गत हैं, जब कि आवश्यक का अपना स्वतंत्र स्थान है। इसलिए इसे 'मूल-सूत्रों' की संख्या में सम्मिलित करने का कोई हेतु प्रस्तुत नहीं है।

१—जैनधर्मवरस्तोत्र, श्लोक ३० की स्वोपज्ञ वृत्ति—अथ उत्तराध्ययन-आवश्यक-पिण्डनिर्युक्ति तथा ओघनिर्युक्ति-दशवैकालिक—इति चत्वारि मूलसूत्राणि।

२—श्री रत्नमुनि स्मृति ग्रन्थ, आगम और व्याख्या साहित्य, पृष्ठ २७।

३—श्रीमज्जयाचार्य कृत प्रश्नोत्तर तत्त्वबोध, आगमाधिकार, पृ० ७३-७४।

४—ए हिस्ट्री ऑफ दी केनोनिकल लिटरेचर ऑफ दी जैन्स, पृष्ठ ४४-४५।

५—वही, पृ० ४८।

ओघनिर्युक्ति और पिण्डनिर्युक्ति—ये दोनों आगम नहीं हैं किन्तु व्याख्या-ग्रन्थ हैं। पिण्डनिर्युक्ति दशवैकालिक के पाँचवें अध्ययन—पिण्डैषणा—की व्याख्या है। ओघनिर्युक्ति ओघ समाचारी की व्याख्या है। यह आवश्यक निर्युक्ति का एक अंग है। विस्तृत कलेवर होने के कारण इसे पृथक् ग्रन्थ का रूप दिया गया।[1] इसलिए इन्हें मूल सूत्रों की संख्या में सम्मिलित करने की अपेक्षा दशवैकालिक और आवश्यक के सहायक ग्रन्थों के रूप में स्वीकार करना अधिक संगत लगता है।

अनुयोगद्वार और नंदी—ये दोनों चूलिका सूत्र हैं। इन्हें मूल-सूत्र वर्ग में रखने का कोई हेतु उपलब्ध नहीं है। सम्भव है बत्तीस सूत्रों की मान्यता के साथ (वि० १६ वीं शताब्दी में) इन्हें 'मूल सूत्र' वर्ग में रखा गया। श्रीमज्जयाचार्य ने पूर्व प्रचलित परम्परा के अनुसार अनुयोगद्वार और नंदी को मूल सूत्र माना है। किन्तु इस पर उन्होंने अपनी ओर से कोई मीमांसा नहीं की है।

इस प्रकार मूल सूत्र की संख्या दो रह जाती है—दशवैकालिक और उत्तराध्ययन।

७ : मूल-सूत्रों का विभाजन-काल

दशवैकालिक की निर्युक्ति, चूर्णि और हारिभद्रीय वृत्ति में मूल सूत्रों की कोई चर्चा नहीं है।

इसी प्रकार उत्तराध्ययन की निर्युक्ति, चूर्णि और शान्त्याचार्य कृत बृहद् वृत्ति में भी उनकी कोई चर्चा नहीं है।

इससे यह स्पष्ट है कि विक्रम की ११ वीं शताब्दी तक मूल-सूत्र वर्ग की स्थापना नहीं हुई थी।

धनपाल का अस्तित्व काल ग्यारहवीं शताब्दी है। उन्होंने श्रावक विधि में पैंतालीस आगमों का उल्लेख किया है।[2] इससे यह अनुमान होता है कि धनपाल से पहले ही आगमों की संख्या पैंतालीस निर्धारित हो चुकी थी। प्रद्युम्नसूरि (वि० की १३ वीं शताब्दी) कृत विचारसार प्रकरण में भी आगमों की संख्या पैंतालीस है किन्तु इनमें मूल-सूत्र विभाग नहीं है। उसमें ग्यारह अंग और चौंतीस ग्रन्थों का उल्लेख मिलता है।[3]

---

१ आवश्यक निर्युक्ति गाथा ६६५ वृत्ति पत्र ३४१
साम्प्रतमोघनिर्युक्तिर्वक्तव्या सा च महत्वात् पृथग्ग्रन्थान्तररूपा कृता।

२—समयसुन्दर गणी विरचित श्री गाथासहस्री में धनपाल कृत श्रावक विधि का उद्धरण है। उसमें पाठ आता है—पणयालीस आगम (श्लोक २९७ पृ० १८)।

३—विचारलेस गाथा ३४४-३५१।

प्रभावक-चरित में अंग, उपांग, मूल और छेद—आगमों के ये चार विभाग प्राप्त हैं।[1] यह विक्रम संवत् १३३४ की रचना है।

इससे यह फलित होता है कि 'मूल-सूत्र' वर्ग की स्थापना चौदहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में हो चुकी थी। फिर उपाध्याय समयसुन्दर के सामाचारी शतक में इसका उल्लेख प्राप्त होता है।[2]

८ : दशवैकालिक और उत्तराध्ययन का स्थान

जैन-आगमों में दशवैकालिक और उत्तराध्ययन का स्थान बहुत महत्त्वपूर्ण है। श्वेताम्बर और दिगम्बर—दोनों परम्पराओं के आचार्यों ने इनका बार-बार उल्लेख किया है। दिगम्बर-साहित्य में अंग-बाह्य के चौदह प्रकार बतलाए गए हैं। उनमें सातवाँ दशवैकालिक और आठवाँ उत्तराध्ययन है।[3]

श्वेताम्बर-साहित्य में अंग-बाह्य श्रुत के दो मुख्य विभाग हैं—(१) कालिक और (२) उत्कालिक। कालिक सूत्रों की गणना में पहला स्थान उत्तराध्ययन का और उत्कालिक सूत्रों की गणना में पहला स्थान दशवैकालिक का है।[4]

९ : दशवैकालिक : आकार और विषय-वस्तु

दशवैकालिक के दस अध्ययन हैं और चूँकि वह विकाल में रचा गया, इसलिए इसका नाम दशवैकालिक रखा गया। इसके कर्त्ता श्रुतकेवली शय्यंभव हैं। अपने पुत्र—शिष्य मनक के लिए उन्होंने इसकी रचना की। वीर सम्वत् ७२ के आस-पास 'चम्पा' में इसकी रचना हुई।

१–प्रभावक चरितम्, दूसरा आर्यरक्षित प्रबन्ध :

ततश्चतुर्विधः कार्योऽनुयोगोऽतः परं मया।
ततोऽङ्गोपाङ्गमूलाख्यग्रन्थच्छेदकृतागमः॥२४१॥

२–सामाचारी शतक, पत्र ७६।

३–(क) कषायपाहुड (जयधवला सहित) भाग १, पृष्ठ १३।२५ :

दसवेयालियं उत्तरज्झयणं।

(ख) गोम्मटसार (जीव-काण्ड), गाथा ३६७ :

दसवेयालं च उत्तरज्झयणं।

४–नंदी, सूत्र ४३ :

से किं तं कालियं? कालियं अणेगविहं पण्णत्तं, तंजहा—उत्तरज्झयणाइं······।
से किं तं उक्कालियं? उक्कालियं अणेगविहं पण्णत्तं, तंजहा—दसवेयालियं······।

इसकी दो चूलिकाएँ है। अध्ययनो के नाम श्लोक सख्या और विषय इस प्रकार है —

अध्ययन	श्लोक	सूत्र	विषय
१ द्रुमपुष्पिका[१]	५		धम प्रशसा और माधुकरी वृत्ति।
२ श्रामण्यपूवक	११		सयम में धृति और उसकी साधना।
३ क्षुल्लकाचार	१५		आचार और अनाचार का विवक।
४ धम प्रज्ञप्ति या षड्जीवनिका	२८	२३	जीव सयम तथा आत्म सयम का विचार।
५ पिण्डैषणा	१५०		गवेषणा ग्रहणैषणा और भोगैषणा की शुद्धि।
६ महाचार	६८		महाचार का निरूपण।
७ वाक्यशुद्धि	५७		भाषा विवेक।
८ आचार प्रणिधि	६३		आचार का प्रणिधान।
९ विनय समाधि	६२	७	विनय का निरूपण।
१० सभिक्षु	२१		भिक्षु के स्वरूप का वणन।
चूलिका			
१ रतिवाक्या	१८	१	सयम म अस्थिर होने पर पुन स्थिरी करण का उपदेश।
२ विविक्तचर्या	१६		विविक्तचर्या का उपदेश।

निर्युक्तिकार के अनुसार दशवैकालिक का समावेश चरण करणानुयोग में होता है। इसका फलित अर्थ यह है कि इसका प्रतिपाद्य आचार है। वह दो प्रकार का होता है— (१) चरण—व्रत आदि और (२) करण—पिण्ड विशुद्धि आदि।[२]

धवला के अनुसार दशवैकालिक आचार और गोचर की विधि का वणन करने वाला सूत्र है।[३] अगपण्णत्ति के अनुसार इसका विषय गोचर विधि और पिण्ड विशुद्धि

१—तत्त्वार्थवृत्ति श्रुतसागरीय मे इसका नाम 'वृक्षकुसुम' दिया है—देखिए पृ० ६७ पा० टि० २।

२—दशवैकालिक निर्युक्ति, गाथा ४
अपुहुत्तपुहुत्ताइ, निद्दिसिउ एत्य होइ अहिगारो।
चरणकरणाणुओगेण तस्स दारा इमे हुति॥

३—षट्खण्डागम', सत्प्ररूपणा (१।१।१), पृ० ९७
दसवेयालिय आयार गोयर विहिं वण्णइ।

है।[1] तत्त्वार्थवृत्ति श्रुतसागरीय में इसे वृक्ष-कुसुम आदि का भेद-कथक और यतियों के आचार का कथक कहा है।[2]

उक्त प्रतिपादन से दशवैकालिक का स्थूल रूप हमारे सामने प्रस्तुत हो जाता है, किन्तु आचार्य शय्यंभव ने आचार-गोचर की प्ररूपणा के साथ-साथ अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों का निरूपण किया है। जीव-विद्या, योग-विद्या आदि के अनेक सूक्ष्म-बीज इसमें विद्यमान हैं।

१० : दशवैकालिक : निर्यूहण कृति

रचना दो प्रकार की होती है—स्वतंत्र और निर्यूहण। दशवैकालिक निर्यूहण कृति है, स्वतन्त्र नहीं। आचार्य शय्यंभव श्रुतकेवली थे। उन्होंने विभिन्न पूर्वों से इसका निर्यूहण किया—यह एक मान्यता है।

दशवैकालिक की निर्युक्ति के अनुसार चौथा अध्ययन—आत्मप्रवाद पूर्व से, पाँचवाँ अध्ययन—कर्मप्रवाद पूर्व से, सातवाँ अध्ययन—सत्यप्रवाद पूर्व से और शेष सभी अध्ययन—प्रत्याख्यान पूर्व की तीसरी वस्तु से उद्धृत किए गए हैं।[3]

दूसरी मान्यता के अनुसार इसका निर्यूहण गणिपिटक द्वादशांगी से किया गया है।[4] किस अध्ययन का किस अंग से उद्धरण किया गया, इसका कोई उल्लेख प्राप्त नहीं है। किन्तु तीसरे अध्ययन का विषय सूत्रकृतांग १।९ से प्राप्त होता है। चतुर्थ अध्ययन का विषय भी सूत्रकृतांग १।११।७,८ तथा आचारांग १।१।१ का क्वचित् संक्षेप और क्वचित् विस्तार है। पाँचवें अध्ययन का विषय आचारांग के दूसरे अध्ययन लोक-विजय

१-अंगपण्णत्ति, ३।२४ :

जदि गोचरस्स विहिं, पिंडविसुद्धिं च जं परूवेहि।
दसवेआलिय सुत्तं, दह काला जत्थ संवुत्ता॥

२-तत्त्वार्थवृत्ति श्रुतसागरीय, पृष्ठ ६७ :

वृक्षकुसुमादीनां दशानां भेदकथकं यतीनामाचारकथकंच दशवैकालिकम्।

३-दशवैकालिक निर्युक्ति, गाथा, १६,१७ :

आयप्पवायपुव्वा, निज्जूढा होइ धम्मपन्नत्ती।
कम्मप्पवायपुव्वा, पिंडस्स उ एसणा तिविहा॥
सच्चप्पवायपुव्वा, निज्जूढा होइ वक्कसुद्धी उ।
अवसेसा निज्जूढा, नवमस्स उ तइयवत्थूओ॥

४-वही, गाथा १८ :

बीओऽवि अ आएसो, गणिपिडगाओ दुवालसंगाओ।
एअं किर णिज्जूढं, मणगस्स अणुग्गहट्ठाए॥

के पाँचवें उद्देशक और आठवें विमोह अध्ययन के दूसरे उद्देशक में प्राप्त होता है। छठा अध्ययन समवायांग समवाय १८ के "वयछक्कं कायछक्कं, अकप्पो गिहिभायणं। पलियंक निसिज्जा य, सिणाणं सोभवज्जणं॥" श्लोक का विस्तार है। सातवें अध्ययन के बीज आचारांग १।१।६।५ में मिलते हैं। आठवें अध्ययन का आंशिक विषय स्थानांग ८।५९८,६०१,६१५ में मिलता है। आंशिक तुलना अन्यत्र भी प्राप्त होती है।[1]

आचारांग के दूसरे श्रुतस्कन्ध की प्रथम चूला के अध्ययन १ और ४ में क्रमशः दसवें पाँचवें और सातवें अध्ययन की तुलना होती है। किन्तु हमारे अभिमत में वह दसवैकालिक के बाद का निर्यूहण है। इसके दूसरे, नवें तथा दसवें अध्ययन का विषय उत्तराध्ययन के प्रथम और पन्द्रहवें अध्ययन से तुलित होता है। किन्तु वह अंग-बाह्य आगम है।

यह सूत्र श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों परम्पराओं में मान्य रहा है। इसके कर्तृत्व के विषय में भी श्वेताम्बर-साहित्य में प्रामाणिक ऊहापोह है। श्वेताम्बर आचार्यों ने इस पर निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि, टीका, दीपिका, अवचूरि आदि-आदि व्याख्या-ग्रन्थ लिखे हैं।

दिगम्बर-परम्परा में भी यह सूत्र प्रिय रहा है। धवला, जयधवला, तत्त्वार्थवार्तिक (राजवार्तिक), तत्त्वार्थवृत्ति श्रुतसागरीय आदि में इस विषय का उल्लेख मिलता है। परन्तु इसके निश्चित कर्तृत्व तथा स्वरूप का कहीं भी विवरण प्राप्त नहीं होता। इसके कर्तृत्व का उल्लेख करते हुए आरातीयैराचार्यैर्निर्यूढं—इतना मात्र संकेत देते हैं। कब तक यह सूत्र उनको मान्य रहा और कब से यह अमान्य हुआ—यह प्रश्न आज भी असमाहित है।

११ : दशवैकालिक : व्याकरण-विमर्श

प्राचीन आगम अर्वाचीन प्राकृत व्याकरणों की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। उन्हें व्याकरण की कसौटी पर कसने का हमारा प्रयत्न भी सम्मान्य नहीं है। जिन वैयाकरण परम्पराओं और नियमों के सदर्भ में आगम लिखे गए, वे परम्पराएँ और नियम अर्वाचीन काल में परिवर्तित हो गए। इसलिए उनमें परस्पर पूर्ण-सामंजस्य प्राप्त नहीं होता। व्याकरण-विमर्श की हमारी दृष्टि इतनी ही हो सकती है कि हम प्राचीन रचनाओं में अर्वाचीन व्याकरणों से जो अतिरिक्तता पाते हैं, वह सुलभ हो जाए।

१—(क) दशवैकालिक, ४। सूत्र ९ : मिलाइये—आचारांग, १।१।६।४९।
(ख) दशवैकालिक, ५।२।२८ : मिलाइये—आचारांग, १।१।२।४।
(ग) दशवैकालिक, ६।५३ : मिलाइये—सूत्रकृतांग, १।२।२।१८।

प्रस्तुत सूत्र में अलाक्षणिक (व्याकरण-असिद्ध) मकार के अनेक प्रयोग मिलते हैं—वत्थगन्धमलंकारं (२।२), आहारमाईणि (६।४६), निक्खम्ममाणाए (१०।१)।

विभक्ति और वचन के व्यत्यय भी मिलते हैं—पीढए (७।२८)—यहाँ चतुर्थी के अर्थ में प्रथमा विभक्ति है। वुद्धवयणे (१०।६)—यहाँ तृतीया के अर्थ में सप्तमी विभक्ति है।

अच्छन्दा जे न भुंजन्ति, न से चाइ त्ति वुच्चइ (२।२)—यहाँ 'भुंजन्ति' बहुवचन है और 'से चाइ' एकवचन है।

इस प्रकार कुछेक उदाहरण हमने प्रस्तुत किए हैं। विस्तार के लिए देखें—"दशवैकालिक : एक समीक्षात्मक अध्ययन", अध्ययन १ : व्याकरण-विमर्श।

१२ : दशवैकालिक : भाषा की दृष्टि से

इसमें अर्धमागधी और जैन-महाराष्ट्री आदि के संवलित प्रयोग हैं। 'हत्थंसि वा', 'पायंसि वा' (४। सूत्र २३) में अर्धमागधी के प्रयोग हैं। प्राकृत में सप्तमी के एकवचन के दो रूप बनते हैं—'हत्थे, हत्थम्मि'।[1] 'हत्थंसि' यह अर्धमागधी में बनता है। 'जे' (२।३), 'करेमि' (४। सूत्र १०)—इनमें 'ओकार' के स्थान में जो 'एकार' है, वह अर्धमागधी का लक्षण है।[2]

मणसा (८।३) जोगसा (८।१७)—ये अर्धमागधी के प्रयोग हैं। प्राकृत में ये नहीं मिलते।

बहवे (७।४८)—बहु शब्द का प्रथमा का बहुवचन, जसोकामी (२।७), दोच्चे (४।सूत्र १२), तच्चे (४।सूत्र १३), सोच्चा (४।११), लद्धूण (५।२।४७), ऊसंढं (५।२।२५), संवुड (५।१।८३), परिवुड (६।१।१५), कड (४। २०), कट्टु (चूलिका १।१४) आदि-आदि तथा मकार के अलाक्षणिक प्रयोग—ये सब अर्धमागधी के प्रयोग हैं, जिन्हें हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में आर्षप्रयोग कहा है। हियट्ठयाए (४।सूत्र १७)—यहाँ स्वार्थ में 'या' और 'य' के स्थान में 'एकार' का प्रयोग है, जो प्राकृत-सिद्ध नहीं है। तेइंदिया में 'ति' का 'तें' हुआ है। यह अर्धमागधी का प्रयोग है।[3] कहीं शौरसेनी के लक्षण भी मिलते हैं जैसे—अत्तवं (आत्मवान्) (८।४८)। यहाँ 'न' को 'म' किया है, जो शौरसेनी में होता है।[4]

१–हेमशब्दानुशासन, ८।३।११ : ङे म्मि ङेः।

२–वही, ८।४।२८७ :
अत एत्सौ पुंसि मागध्याम्।

३–प्राकृत भाषाओं का व्याकरण :
पैरा ४३८, पृष्ठ ६५१।

४–हेमशब्दानुशासन, ८।४।२६४ : मो वा।

देशी या अपभ्रंश शब्दों के प्रयोग भी प्रचुर है। गावी (५।१।१२) को पतञ्जलि 'गो' शब्द का अपभ्रंश बतलाते हैं।[1] आचार्य हेमचन्द्र ने प्राकृत-भाषा-विशेष के शब्दों को 'देशी' माना है।[2]

१३ : दशवैकालिक के व्याख्या-ग्रन्थ

दशवैकालिक की प्राचीनतम व्याख्या निर्युक्ति है। उसमें इसकी रचना के प्रयोजन, नामकरण उद्धरण-स्थल, अध्ययनों के नाम, उनके विषय आदि का संक्षेप में बहुत ही सुन्दर वर्णन मिलता है। यह ग्रन्थ उत्तरवर्ती सभी व्याख्या-ग्रन्थों का आधार रहा है। यह पद्यात्मक है। इसकी गाथाओं का परिमाण टीकाकार के अनुसार ३७१ है। इसके कर्ता द्वितीय भद्रबाहु माने जाते हैं। इनका काल-मान विक्रम की पाँचवीं-छठी शताब्दी है।

इसकी दूसरी पद्यात्मक व्याख्या भाष्य है। चूर्णिकार ने भाष्य का उल्लेख नहीं किया। टीकाकार भाष्य और भाष्यकार का अनेक स्थलों में उल्लेख करते हैं।[3] टीकाकार के अनुसार भाष्य की ६३ गाथाएँ है। इसके कर्त्ता की जानकारी हमें नहीं है। टीकाकार ने भी भाष्यकार के नाम का उल्लेख नहीं किया है।[4] वे निर्युक्तिकार के बाद और चूर्णिकार से पहले हुए हैं।

हरिभद्र सूरि ने जिन गाथाओं को भाष्यगत माना है, वे चूर्णि में है। इससे जान पड़ता है कि भाष्यकार चूर्णिकार से पूर्ववर्ती है। इसके बाद चूर्णियाँ लिखी गई है। अभी दो चूर्णियाँ प्राप्त है। एक के कर्त्ता अगस्त्यसिंह स्थविर है और दूसरी के कर्ता जिनदास महत्तर (वि० की ७ वीं शताब्दी)।

१–पातञ्जल महाभाष्य, पस्पशाह्निक :
  एकस्यैव गोशब्दस्य गावी-गोणी-गोता-गोपोतलिकेत्यादयोऽनेकेऽपशब्दाः।

२–देशीनाममाला, १।४ :
  देसविसेसपसिद्धीइ, भण्णमाणा अणन्तया हुंति।
  तम्हा अणाइपाइयपयट्टभासाविसेसओ देसी॥

३–(क) दशवैकालिक हारिभद्रीय टीका, पत्र ६४ : भाष्यकृता पुनरुपन्यस्त इति।
  (ख) वही, पत्र १२० : आह च भाष्यकारः।
  (ग) वही, पत्र १२८ : व्यासार्थस्तु भाष्यादवसेयः।
  (घ) वही, पत्र १२३,१२५,१२६,१२९,१३३,१३४,१४०,१६१,१६२,२७८।

४–दशवैकालिक हारिभद्रीय टीका, पत्र १३२ :
  तामेव निर्युक्तिगाथां लेशतो व्याचिख्यासुराह भाष्यकारः।······ एतदपि नित्यत्वादिप्रसाधकमिति निर्युक्तिगाथायामनुपन्यस्तमप्युक्तं सूक्ष्मधिया भाष्यकारेणेति गाथार्थः।

दशवैकालिक की द्वितीय चूर्णि के अन्त में कोई प्रशस्ति नहीं है और न ग्रन्थकार का नाम ही उपलब्ध है। पारंपरिक अनुश्रुति से यह जिनदास महत्तर कृत मानी जाती है।

उत्तराध्ययन (अ० ३०) चूर्णि पृ० २७४ में एक उल्लेख आता है—"षष्ठोऽपि चित्तो नानाप्रकारो प्रकीर्णतपोऽभिधीयते, तदन्यत्राभिहितं, शेषं दशवैकालिकचूर्णौ अभिहितम्।" इस वाक्य से दशवैकालिक और उत्तराध्ययन की चूर्णियाँ एक-कर्तृक प्रतीत होती हैं। दशवैकालिक चूर्णि (पृ० २१) में इत्वरिक तप का वर्णन बहुत संक्षिप्त रूप में किया गया है। शेष वर्णन विस्तृत है। उत्तराध्ययन चूर्णि (पृ० २७४) में इत्वरिक तप के पाँच प्रकारों का संक्षिप्त वर्णन किया गया है। छठे प्रकीर्ण तप के कहीं अन्यत्र वर्णन करने की सूचना दी है और शेष वर्णन दशवैकालिक चूर्णि में किया गया है—ऐसा लिखा है।

दशवैकालिक (१।१) की चूर्णि में पृ० २१ से ३७ तक तप का विस्तृत वर्णन मिलता है। इसीलिए उत्तराध्ययन में उन्होंने इसकी पुनरुक्ति नहीं की। सही अर्थ में तप का इतना विस्तृत वर्णन उत्तराध्ययन के तपोध्ययन (अ० ३०) की चूर्णि में करना चाहिए था किन्तु दशवैकालिक चूर्णि की रचना पहले की थी। वहाँ प्रथम अध्ययन के प्रथम श्लोक में आए 'तप' शब्द का विशद वर्णन कर डाला। इसीलिए उत्तराध्ययन में, जो दशवैकालिक की चूर्णि में नहीं था, उसी का उल्लेख कर शेष के लिए दशवैकालिक चूर्णि में अभिहित की सूचना दे दी।

मुनि श्री पुण्यविजयजी के मतानुसार अगस्त्यसिंह की चूर्णि का रचना-काल विक्रम की तीसरी शताब्दी के आस-पास है।[1]

अगस्त्यसिंह स्थविर ने अपनी चूर्णि में तत्त्वार्थसूत्र, आवश्यकनिर्युक्ति, ओघनिर्युक्ति, व्यवहारभाष्य, कल्पभाष्य आदि ग्रन्थों का उल्लेख किया है। इनमें अन्तिम रचनाएँ भाष्य हैं। उनके रचना-काल के आधार पर अगस्त्यसिंह का समय पुनः अन्वेषणीय है।

अगस्त्यसिंह ने पुस्तक रखने की औत्सर्गिक और आपवादिक—दोनों विधियों की चर्चा की है।[2] इस चर्चा का आरम्भ जब देवर्द्धिगणी ने आगम पुस्तकारूढ़ किए तब या उसके आस-पास हुआ होगा। अगस्त्यसिंह यदि देवर्द्धिगणी के उत्तरवर्ती और जिनदास के पूर्ववर्ती हों तो इनका समय विक्रम की ५-६ठीं शताब्दी हो जाता है।

१—बृहत्कल्प भाष्य, भाग ६, आमुख पृष्ठ ४।

२—दशवैकालिक १।१ अगस्त्य चूर्णि :

उस्सारणं संजमो—पोत्थएसु घेप्पंतेसु असंजमो महाधणमोल्लेसु वा दूसेसु, वज्जणं तु संजमो, कालं पडुच्च चरणकरणट्ठं अव्वोच्छित्तिनिमित्तं गेण्हंतस्स संजमो भवति।

इन चूर्णियों के अतिरिक्त कोई प्राकृत व्याख्या और रही है पर वह अब उपलब्ध नहीं है। उसके अवतरण हरिभद्र सूरि की टीका में मिलते हैं।[1]

प्राकृत युग समाप्त हुआ और संस्कृत युग आया। आगम की व्याख्याएँ संस्कृत भाषा में लिखी जाने लगीं। इस पर हरिभद्र सूरि ने संस्कृत में टीका लिखी। इनका समय विक्रम की आठवीं शताब्दी है।

यापनीय संघ के अपराजित सूरि (या विजयाचार्य—विक्रम की आठवीं शताब्दी) ने इस पर विजयोदया नाम की टीका लिखी। इसका उल्लेख उन्होंने स्वरचित मूलाराधना की टीका में किया है।[2] परन्तु वह अभी उपलब्ध नहीं है। हरिभद्र सूरि की टीका को आधार मान कर तिलकाचार्य (१३-१४वीं शताब्दी) ने टीका, माणिक्यशेखर (१५वीं शताब्दी) ने निर्युक्ति दीपिका, समयसुन्दर (विक्रम सं० १६११) ने दीपिका, विनयहंस (विक्रम सं० १५७३) ने वृत्ति, रामचन्द्र सूरि (विक्रम सं० १६७८) ने वार्तिक

१–दशवैकालिक हारिभद्रीय टीका पत्र १६५

तथा च वृद्धव्याख्या—वेसादिगयभावस्स मेहुणं पीडिज्जइ अणुवओगेण एसणाकरणे हिंसा पडुप्पायणे अन्नपुच्छणअवलवणासच्चवयणं अणणुण्णायवेसाइदसणे अदत्तादाणं, ममत्तकरणे परिग्गहो एवं सव्ववयपीडा, दव्वसामन्ने पुण संसयो उण्णिक्खमणेण त्ति।

दशवैकालिक चूर्णि (पृ० १७१) में इस आशय की जो पंक्तियाँ हैं वे इन पंक्तियों से भिन्न हैं

जइ उण्णिक्खमइ तो सव्ववया पीडिया भवन्ति, अहवि ण उण्णिक्खमइ तोवि तग्गयमाणसस्स भावाओ मेहुणं पीडियं भवइ, तग्गयमाणसोय एसणं न रक्खइ तत्थ पाणाइवायपीडा भवति, जोएमाणो पुच्छिज्जइ—किं जोएसि? ताहे अवलवइ ताहे मुसावायपीडा भवति ताओ य तित्थगरेहिं णाणुण्णायाउत्तिकाउ अदिण्णादाणपीडा भवइ, तासु य ममत्तं करेंतस्स परिग्गहपीडा भवति।

अगस्त्य चूर्णि की पंक्तियाँ इस प्रकार हैं —

तस्स पीडा वयाणं तासु गयचित्तो रियं न सोहेतित्ति पाणातिवातो पुच्छितो किं जोएसित्ति? अवलवति मुसावातो अदत्तादाणमणणुण्णातो तित्थकरेहि मिहुणे वि गयभावो मुच्छाए परिग्गहो वि।

२-मूलाराधना गा० ११९७ की वृत्ति

दशवैकालिकटीकायां श्रीविजयोदयायां प्रपञ्चिता उद्गमादिदोषा इति नेह प्रतन्यते।

और पायचन्द्र सूरि तथा धर्मसिंह मुनि (विक्रम की १८वीं शताब्दी) ने गुजराती-राजस्थानी-मिश्रित भाषा में टब्बा लिखा। किन्तु इनमें कोई उल्लेखनीय नया चिन्तन और स्पष्टीकरण नहीं है। ये सब सामयिक उपयोगिता की दृष्टि से रचे गए हैं। अतः इसकी महत्त्वपूर्ण व्याख्याएँ तीन ही हैं—(१) अगस्त्य चूर्णि, (२) जिनदास चूर्णि और (३) हारिभद्रीय वृत्ति।

अगस्त्यसिंह स्थविर की चूर्णि इन सबमें प्राचीनतम है, इसलिए यह सर्वाधिक मूल-स्पर्शी है। जिनदास महत्तर अगस्त्यसिंह स्थविर के आस-पास भी चलते हैं और कहीं-कहीं इनसे दूर भी चले जाते हैं। टीकाकार तो कहीं-कहीं बहुत दूर चले जाते हैं।[1]

लगता है चूर्णि के रचना-काल में भी दशवैकालिक की परम्परा अविच्छिन्न नहीं रही थी। अगस्त्यसिंह स्थविर ने अनेक स्थलों पर अर्थ के कई विकल्प किए हैं। उन्हें देखकर सहज ही जान पडता है कि वे मूल अर्थ के बारे में असंदिग्ध नहीं हैं।

आर्य सुहस्ती ने एक बार जो आचार-शैथिल्य की परम्परा का सूत्रपात किया वह आगे चल कर उग्र बन गया। ज्यों-ज्यों जैन आचार्य लोक-संग्रह की ओर अधिक झुके, त्यों-त्यों अपवादों की बाढ़-सी आ गई। वीर-निर्वाण की नवीं शताब्दी (८५०) में चैत्यवास का प्रारम्भ हुआ। इसके बाद शिथिलाचार की परम्परा बहुत ही उग्र हो गई। देवर्द्धिगणी क्षमाश्रमण (वीर-निर्वाण की दसवीं शताब्दी) के बाद चैत्यवास का प्रभुत्व बढ़ा और वह जैन परम्परा पर छा गया। अभयदेव सूरि ने इस स्थिति का चित्रण इन शब्दों में किया है—"देवर्द्धिगणी क्षमाश्रमण तक की परम्परा को मैं भाव-परम्परा मानता हूँ। इसके बाद शिथिलाचारियों ने अनेक द्रव्य-परम्पराओं का प्रवर्तन कर दिया।"[2] आचार-शैथिल्य की परम्परा में जो ग्रन्थ लिखे गए, उनमें ऐसे अपवाद भी हैं जो आगम में प्राप्त नहीं हैं। प्रस्तुत आगम की चूर्णि और टीका तात्कालिक वातावरण से मुक्त नहीं हैं। इन्हें पढ़ते समय इस तथ्य को नहीं भूल जाना चाहिए।

उत्सर्ग की भाँति अपवाद भी मान्य होते हैं। पर उनकी भी एक निश्चित सीमा है। जिनका बनाया हुआ आगम प्रमाण होता है, उन्हीं के किए अपवाद मान्य हो सकते हैं। वर्तमान में जो व्याख्याएँ उपलब्ध हैं, वे चौदहपूर्वी या दसपूर्वी की नहीं हैं, इसलिए उन्हें आगम (अर्थागम) की कोटि में नहीं रखा जा सकता।

१—उदाहरण के लिए देखें : दशवैकालिक, भाग २, पृष्ठ २६६, टिप्पण १७७।

२—आगम अट्ठुत्तरी, गाथा १४ :

देवड्ढिखमासमणजा, परंपरं भावओ वियाणेमि।
सिढिलायारे ठविया, दव्वेण परंपरा बहुहा॥

उत्तराध्ययनों का एक श्रुतस्कन्ध (एक ग्रन्थ रूप) स्वीकार किया है। फिर भी उन्होंने इसका नाम बहुवचनात्मक माना है।[1]

इस बहुवचनात्मक नाम से यह फलित होता है कि उत्तराध्ययन अध्ययनों का योग मात्र है एक कर्तृक एक ग्रन्थ नहीं।

उत्तर शब्द पूर्व सापेक्ष है। चूर्णिकार ने प्रस्तुत अध्ययनों की तीन प्रकार से योजना की है[2]—

(१) स उत्तर —पहला अध्ययन
(२) निरुत्तर —छत्तीसवाँ अध्ययन
(३) स उत्तर निरुत्तर —बीच के सारे अध्ययन

किन्तु उत्तर शब्द की यह अर्थ योजना चूर्णिकार की दृष्टि में अधिकृत नहीं है। उनकी दृष्टि में अधिकृत अर्थ वही है जो निर्युक्तिकार के द्वारा प्रस्तुत है। निर्युक्तिकार के अनुसार प्रस्तुत अध्ययन आचारांग के उत्तरकाल में पढ़े जाते थे इसलिए इन्हें उत्तर अध्ययन कहा गया।[3] श्रुतकेवली शय्यंभव (वीर निर्वाण सं० ९८) के पश्चात् ये अध्ययन दशवैकालिक के उत्तरकाल में पढ़े जाने लगे।[4] इसलिए ये उत्तर अध्ययन ही बने रहे। यह उत्तर शब्द की संगत व्याख्या प्रतीत होती है।

दिगम्बर आचार्यों ने भी उत्तर शब्द की अनेक दृष्टिकोणों से व्याख्या की है।

१—उत्तराध्ययन चूर्णि पृष्ठ ८
ऐतेसिं चेव छत्तीसाए उत्तरज्झयणाण समुदयसमितिसमागमेण उत्तरज्झयणभाव सुतक्खंधेति लब्भइ ताणि पुण छत्तीसं उत्तरज्झयणाणि इमेहिं नामेहिं अणुगंतव्वाणि।

२—उत्तराध्ययन चूर्णि पृष्ठ ६
विणयसुयसउत्तरं जीवाजीवाभिगमो णिरुत्तरो सव्वत्तिर इत्यर्थं सज्झयणाणि सउत्तराणि णिरुत्तराणि य कहं? परीसहा विणयसुयस्स उत्तरा चउरंगिज्ज स सु पुव्वा इतिकाउ णिरुत्तरा।

३—उत्तराध्ययन निर्युक्ति गाथा ३
कमउत्तरेण पगयं आयारस्सेव उवरिमाइ तु।
तम्हा उ उत्तरा खलु अज्झयणा हुंति णायव्वा॥

४—उत्तराध्ययन बृहद्वृत्ति पत्र ५
विशेषश्चाय यथा—शय्यम्भवं यावदेष क्रम तदाऽऽरतस्तु दशवैकालिकोत्तरकाल पठ्यन्त इति।

धवलाकार (वि० ९ वीं शताब्दी) के मतानुसार 'उत्तराध्ययन' उत्तर-पदों का वर्णन करता है। यह 'उत्तर' शब्द समाधान सूचक है।[1]

अंगपण्णत्ति (वि० १६ वीं शताब्दी) से 'उत्तर' शब्द के दो अर्थ फलित होते हैं—

(१) उत्तरकाल—किसी ग्रन्थ के पश्चात् पढ़े जाने वाले अध्ययन।

(२) उत्तर—प्रश्नों का उत्तर देने वाले अध्ययन।[2]

ये अर्थ भी 'उत्तर' और 'अध्ययनों' के सम्बन्ध की वास्तविकता पर प्रकाश डालते हैं।

उत्तराध्ययन में प्रश्नोत्तर-शैली में लिखित पाँच अध्ययन हैं—९,१६,२३,२५ और २९। आंशिक रूप में कुछ प्रश्नोत्तर अन्य अध्ययनों में भी हैं। इस दृष्टि से 'उत्तर' का समाधान-सूचक अर्थ संगत होते हुए भी पूर्णतः व्याप्त नहीं है।

'उत्तरकाल' वाची अर्थ संगत होने के साथ-साथ पूर्णतः व्याप्त भी है, इसलिए इस 'उत्तर' का मुख्य अर्थ यही प्रतीत होता है।

१५ : उत्तराध्ययन : रचना-काल और कर्तृत्व

उत्तराध्ययन एक कृति है। कोई भी कृति शाश्वत नहीं होती, इसलिए यह प्रश्न भी स्वाभाविक है कि इसका कर्त्ता कौन है? इस प्रश्न पर सर्व प्रथम निर्युक्तिकार ने विचार किया है। चूर्णिकार ने भी इस प्रश्न को स्पष्ट शब्दों में उठाया है।[3] निर्युक्तिकार की दृष्टि में उत्तराध्ययन एक-कर्तृक नहीं है। उनके मतानुसार उत्तराध्ययन के अध्ययन, कर्तृत्व की दृष्टि से, चार वर्गों में विभक्त होते हैं—

(१) अंगप्रभव

(२) जिन-भाषित

(३) प्रत्येकबुद्ध-भाषित

(४) संवाद-समुत्थित[4]

१—धवला, पृष्ठ ९७ (सहारनपुर प्रति, लिखित) :
उत्तरज्झयणं उत्तरपदाणि वण्णेइ।

२—अंगपण्णत्ति ३।२५,२६ :
उत्तराणि अहिज्जंति, उत्तरज्झयणं पदं जिणिंदेहिं।

३—उत्तराध्ययन चूर्णि, पृष्ठ ६ :
एयाणि पुण उत्तरज्झयणाणि कओ केण वा भासियाणित्ति?

४—उत्तराध्ययन निर्युक्ति, गाथा ४ :
अंगप्पभवा जिणभासिया य पत्तेयबुद्धसंवाया।
बंधे मुक्खे य कया छत्तीसं उत्तरज्झयणा॥

दोनों चूर्णियों में पाठ और अर्थ का भेद है। टीकाकार का मार्ग तो उनसे बहुत ही भिन्न है।

चैत्यवासी और संविग्न-पक्ष के आपसी खिंचाव के कारण संभव है उन्हें (टीकाकार को) अगस्त्य चूर्णि उपलब्ध न हुई हो। उसके उपलब्ध होने पर भी यदि इतने बड़े पाठ और अर्थ के भेदों का उल्लेख न किया हो तो यह बहुत बड़े आश्चर्य की बात है। पर लगता यही है कि टीका-काल में टीकाकार के सामने अगस्त्य चूर्णि नहीं रही। यदि वह उनके सम्मुख होती तो टीका और चूर्णि में इतना अर्थ-भेद नहीं होता। टीकाकार ने 'अन्ये तु', 'तथा च वृद्धसम्प्रदाय', 'तथा च वृद्धव्याख्या'—आदि के द्वारा जिनदास महत्तर का उल्लेख किया है।[1] पर उनके नाम और चूर्णि का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया।

हरिभद्र संविग्न-पाक्षिक थे। इनका समय चैत्यवास के उत्कर्ष का समय है। पुस्तकों का संग्रह अधिकांशतया चैत्यवासियों के पास था। संविग्न पक्ष एक प्रकार से नया था। चैत्यवासी इसे मिटा देना चाहते थे। इस परिस्थिति में टीकाकार को पुस्तक-प्राप्ति की दुर्लभता रही हो, यह भी आश्चर्य की बात नहीं है।

आगमों की माथुरी और वल्लभी—ये दो वाचनाएँ हुई। देवर्द्धिगणी ने आगमों को पुस्तकारूढ करते हुए उन दोनों का समन्वय किया। माथुरी में उससे भिन्न पाठ थे। उन्हें पाठ-भेद मान शेष अंश को वल्लभी में समन्वित कर दिया। यह पाठ-भेद की

१—(क) दशवैकालिक, हारिभद्रीय टीका पत्र ७ :

अन्यस्त्वनादिष्टो दशकालिकाख्य आदिष्टस्तु तदध्ययनविशेषो द्रुमपुष्पिकादिरिति व्याचष्टे।

मिलाइए—दशवैकालिक चूर्णि, पृष्ठ ४

तत्थ अणादिट्ठं जहा दसकालियं आदिट्ठं दुमपुप्फियं सामण्णपुव्वय एवमादि।

(ख) वही, हारिभद्रीय टीका, पत्र १७२

अत्रायं वृद्धसम्प्रदाय—गच्छवासी जइ थणजीवी ... मज्जारादि वा अवहरेज्ज त्ति।

मिलाइए—दशवैकालिक चूर्णि, पृष्ठ-१८०-१८१ :

तत्थ गच्छवासी जति थणजीवी ... मज्जाराइ वा अवधरेज्जा।

(ग) वही, हारिभद्रीय टीका, पत्र १४२-४२ :

तथा च वृद्धव्याख्या—एसो खलु छट्ठो ...... आगासत्थिकाओ अवगाहलक्खणो।

मिलाइए—दशवैकालिक चूर्णि, पृष्ठ १४१-४२ :

छट्ठो जीवनिकायो ....आगासत्थिकाओ अवगाहलक्खणो।

परम्परा मिटी नहीं। कुछ आगमों के पाठ-भेद केवल आगमों की व्याख्याओं में उपलब्ध हैं। व्याख्याकार—'नागार्जुनीयास्तु एवं पठन्ति' लिखकर उसका निर्देश करते रहे हैं और कुछ आगमों के पाठ-भेद मूल से ही सम्बद्ध रहे, इस कारण से उनका परम्परा-भेद चलता ही रहा। दशवैकालिक सम्भवतः इसी दूसरी कोटि का आगम है। इसकी उपलब्ध व्याख्याओं में सबसे प्राचीन व्याख्या अगस्त्य चूर्णि है। उसमें अनेक स्थलों पर परम्परा-भेद का उल्लेख है।[1] इस सारी वस्तु-सामग्री को देखते हुए लगता है कि चूर्णिकार और टीकाकार के सामने भिन्न-भिन्न परम्परा के आदर्श रहे हैं और टीकाकार ने अपनी परम्परा के आदर्श और व्याख्या-पद्धति को महत्त्व दिया हो तथा सम्भव है कि परम्परा-भेद के कारण चूर्णियों की उपेक्षा की हो। कल्पना की इस भूमिका पर पहुँचने के बाद चूर्णि एवं टीका के पाठ और अर्थ के भेद की पहेली सुलझ जाती है।

दशवैकालिक के रचना-काल, रचना-शैली, व्याकरण-विमर्श, छन्द-विमर्श आदि विषयों की विस्तृत चर्चा हम 'दशवैकालिक : एक समीक्षात्मक अध्ययन' में कर चुके हैं। यहाँ हम उत्तराध्ययन के बारे में कुछ विस्तार से विचार करेंगे।

१४ : उत्तराध्ययन

आलोच्यमान आगम का नाम 'उत्तराध्ययन' है। इसमें दो शब्द हैं—'उत्तर' और 'अध्ययन'। समवायांग के—'छत्तीसं उत्तरज्झयणा'[2]—इस वाक्य में उत्तराध्ययन के 'छत्तीस अध्ययन' प्रतिपादित नहीं हुए हैं, किन्तु 'छत्तीस उत्तर अध्ययन' प्रतिपादित हुए हैं। नंदी में भी 'उत्तरज्झयणाणि' यह बहुवचनात्मक नाम मिलता है।[3] उत्तराध्ययन के अंतिम श्लोक में भी—'छत्तीसं उत्तरज्झाए'—ऐसा बहुवचनात्मक नाम मिलता है।[4] निर्युक्तिकार ने 'उत्तराध्ययन' का बहुवचन में प्रयोग किया है।[5] चूर्णिकार ने छत्तीस

१—देखिए—दशवैकालिक, भाग २, पृष्ठ २२१, टिप्पण २९ तथा पृष्ठ ३५२, टिप्पण ७८।

२—समवायांग, समवाय ३६।

३—नंदी, सूत्र ४३।

४—उत्तराध्ययन ३६।२६८।

५—उत्तराध्ययन निर्युक्ति, गाथा ४ :
देखिये : पृ० २१, पा० टि० ४।

उत्तराध्ययनो का एक श्रुतस्कन्ध (एक ग्रन्थ रूप) स्वीकार किया है। फिर भी उन्होंने इसका नाम बहुवचनात्मक माना है।[1]

इस बहुवचनात्मक नाम से यह फलित होता है कि उत्तराध्ययन अध्ययनों का योग मात्र है एक-कर्तृक एक ग्रन्थ नहीं।

'उत्तर' शब्द 'पूर्व' सापेक्ष है। चूर्णिकार ने प्रस्तुत अध्ययनों की तीन प्रकार से योजना की है[2]—

(१) स उत्तर —पहला अध्ययन
(२) निरुत्तर —छत्तीसवाँ अध्ययन
(३) स उत्तर-निरुत्तर —बीच के सारे अध्ययन

किन्तु उत्तर शब्द की यह अर्थ-योजना चूर्णिकार की दृष्टि में अधिकृत नहीं है। उनकी दृष्टि में अधिकृत अर्थ वही है जो निर्युक्तिकार के द्वारा प्रस्तुत है। निर्युक्तिकार के अनुसार प्रस्तुत अध्ययन आचारांग के उत्तरकाल में पढ़े जाते थे, इसलिए इन्हें 'उत्तर अध्ययन' कहा गया।[3] श्रुतकेवली शय्यम्भव (वीर-निर्वाण सं० ९८) के पश्चात ये अध्ययन दशवैकालिक के उत्तरकाल में पढ़े जाने लगे।[4] इसलिए ये 'उत्तर अध्ययन' ही बने रहे। यह 'उत्तर' शब्द की संगत व्याख्या प्रतीत होती है।

दिगम्बर-आचार्यों ने भी 'उत्तर' शब्द की अनेक दृष्टिकोणों से व्याख्या की है।

१—उत्तराध्ययन चूर्णि पृष्ठ ८
ऐतेसिं चेव छत्तीसाए उत्तरज्झयणाण समुदयसमितिसमागमेण उत्तरज्झयणभावसुतखंधेति लब्भइ ताणि पुण छत्तीस उत्तरज्झयणाणि इमेहिं नामेहिं अणुगंतव्वाणि।

२—उत्तराध्ययन चूर्णि पृष्ठ ६
विणयसुयसउत्तर जीवाजीवाभिगमो णिरुत्तरो, सर्वोत्तर इत्यर्थः सेसज्झयणाणि सउत्तराणि णिरुत्तराणि य, कहं? परीसहा विणयसुयस्स उत्तरा चउरंगिज्जस्स तु पुव्वा इतिकाउ णिरुत्तरा।

३—उत्तराध्ययन निर्युक्ति गाथा ३
कमउत्तरेण पगयं आयारस्सेव उवरिमाइ तु।
तम्हा उ उत्तरा खलु अज्झयणा हुति णायव्वा॥

४—उत्तराध्ययन बृहद्वृत्ति, पत्र ५
विशेषश्चायं यथा—शय्यम्भवं यावदेष क्रमः तदाऽऽरतस्तु दशवैकालिकोत्तरकालं पठ्यन्त इति।

धवलाकार (वि० ६ वीं शताब्दी) के मतानुसार 'उत्तराध्ययन' उत्तर-पदों का वर्णन करता है। यह 'उत्तर' शब्द समाधान-सूचक है।[1]

अंगपण्णत्ति (वि० १६ वीं शताब्दी) से 'उत्तर' शब्द के दो अर्थ फलित होते हैं—

(१) उत्तरकाल—किसी ग्रन्थ के पश्चात् पढ़े जाने वाले अध्ययन।

(२) उत्तर—प्रश्नों का उत्तर देने वाले अध्ययन।[2]

ये अर्थ भी 'उत्तर' और 'अध्ययनों' के सम्बन्ध की वास्तविकता पर प्रकाश डालते हैं।

उत्तराध्ययन में प्रश्नोत्तर-शैली से लिखित पाँच अध्ययन हैं—९,१६,२३,२५ और २९। आंशिक रूप में कुछ प्रश्नोत्तर अन्य अध्ययनों में भी हैं। इस दृष्टि से 'उत्तर' का समाधान-सूचक अर्थ संगत होते हुए भी पूर्णतः व्याप्त नहीं है।

'उत्तरकाल' वाची अर्थ संगत होने के साथ-साथ पूर्णतः व्याप्त भी है, इसलिए इस 'उत्तर' का मुख्य अर्थ यही प्रतीत होता है।

१५ : उत्तराध्ययन : रचना-काल और कर्तृत्व

उत्तराध्ययन एक कृति है। कोई भी कृति शाश्वत नहीं होती, इसलिए यह प्रश्न भी स्वाभाविक है कि इसका कर्त्ता कौन है ? इस प्रश्न पर सर्व प्रथम निर्युक्तिकार ने विचार किया है। चूर्णिकार ने भी इस प्रश्न को स्पष्ट शब्दों में उठाया है।[3] निर्युक्तिकार की दृष्टि में उत्तराध्ययन एक-कर्तृक नहीं है। उनके मतानुसार उत्तराध्ययन के अध्ययन, कर्तृत्व की दृष्टि से, चार वर्गों में विभक्त होते हैं—

(१) अंगप्रभव

(२) जिन-भाषित

(३) प्रत्येकबुद्ध-भाषित

(४) संवाद-समुत्थित[4]

१—धवला, पृष्ठ ९७ (सहारनपुर प्रति, लिखित) :
उत्तरज्झयणं उत्तारपदाणि वण्णेइ।

२—अंगपण्णत्ति ३।२५,२६ :
उत्तराणि अहिज्जंति, उत्तरज्झयणं पदं जिणिंदेहिं।

३—उत्तराध्ययन चूर्णि, पृष्ठ ६ :
एयाणि पुण उत्तरज्झयणाणि कओ केण वा भासियाणित्ति ?

४—उत्तराध्ययन निर्युक्ति, गाथा ४ :
अंगप्पभवा जिणभासिया य पत्तेयबुद्धसंवाया।
बंधे मुक्खे य कया छत्तीसं उत्तरज्झयणा॥

निर्युक्ति में दूसरे अध्ययन को कर्मप्रवाद-पूर्व से निर्यूढ़ माना गया है और इसके प्रारम्भिक वाक्य से यह फलित होता है कि वह जिन-भाषित है।

निर्युक्तिकार के चार वर्गों से कर्तृत्व पर कोई प्रकाश नहीं पड़ता, किन्तु विषय-वस्तु पर प्रकाश पड़ता है। दसवें अध्ययन की विषय-वस्तु भगवान् महावीर द्वारा कथित है। किन्तु उस अध्ययन के कर्त्ता भगवान् महावीर नहीं हैं—यह उस अध्ययन के अंतिम वाक्य—'बुद्धस्स निसम्म भासियं'—से स्पष्ट है। इसी प्रकार दूसरे और उनतीसवें अध्ययन के प्रारम्भिक वाक्यों से भी यही तथ्य प्रकट होता है। छठे अध्ययन के अंतिम श्लोक से भी यही सूचित होता है—

एवं से उदाहु अणुत्तरनाणी अणुत्तरदंसी अणुत्तरनाणदंसणधरे।
अरहा नायपुत्ते भगवं वेसालिए वियाहिए॥ (६।१७)

प्रत्येकबुद्ध-भाषित अध्ययन प्रत्येकबुद्ध-विरचित नहीं हैं। आठवें अध्ययन के अंतिम श्लोक से इस अभिमत की पुष्टि होती है—

इइ एस धम्मे अक्खाए कविलेणं च विसुद्धपन्नेणं।
तरिहिन्ति जे उ काहिन्ति तेहिं आराहिया दुवे लोगे॥ (८।२०)

संवाद-समुत्थित अध्ययन, नवाँ और तेईसवाँ भी नमि तथा केशि-गौतम द्वारा विरचित नहीं हैं। इसका समर्थन भी उनके अन्तिम श्लोकों से होता है—

एवं करेन्ति संबुद्धा पंडिया पवियक्खणा।
विणियट्टन्ति भोगेसु जहा से नमी रायरिसि॥ (९।६२)
तोसिया परिसा सव्वा सम्मग्गं समुवट्ठिया।
संथुया ते पसीयन्तु भयवं केसिगोयमे॥ (२३।८९)

इस प्रकार हम देखते हैं कि निर्युक्तिकार के चार वर्गों से इतना ही फलित होता कि भगवान् महावीर, कपिल, नमि और केशि-गौतम—इनके उपदेशों, उपदेश-गाथाओं या संवादों को आधार बनाकर ये अध्ययन रचे गए हैं। वे कब और किसके द्वारा रचे गए—इस प्रश्न का निर्युक्ति में कोई उत्तर प्राप्त नहीं है। चूर्णि और बृहद्वृत्ति में भी नहीं है। अन्य किसी साधन से भी प्रस्तुत सूत्र के कर्त्ता का नाम ज्ञात नहीं हो सका है। इसके रचना-काल की मीमांसा से हम इतना जान सकते हैं कि ये अध्ययन विभिन्न युगों में हुए अनेक ऋषियों द्वारा उद्गीत हैं।

सांख्य, न्याय, वैशेषिक आदि दर्शन ई० पू० ५ वीं शताब्दी से लेकर ई० पू० पहली शताब्दी तक व्यवस्थित रूप धारण कर चुके थे। भगवद्गीता और उत्तरवर्ती उपनिषदों का निर्माण ई० पू० ५०० के लगभग हुआ था। आत्मा, पुनर्जन्म, मोक्ष, कर्म, संसार की क्षणभंगुरता, वैराग्य व संन्यास की चर्चा इस युग में विशेष विकसित हुई थी।

उत्तराध्ययन में ई० पू० ६०० से ई० सन् ४०० तक की धार्मिक व दार्शनिक धारा का प्रतिनिधित्व या विकास प्राप्त है। हो सकता है कि इसका कुछ अंश महावीर से पहले का भी हो। चूर्णि में ऐसा संकेत भी मिलता है कि उत्तराध्ययन का एक अध्ययन भगवान् पार्श्व द्वारा उपदिष्ट है।[1]

दशवैकालिक वीर निर्वाण की पहली शताब्दी की रचना है।[2] उत्तराध्ययन एक ग्रन्थ के रूप में उससे पूर्व संकलित हो चुका था। उस समय उसके अध्ययन कितने थे यह निश्चय पूर्वक नहीं कहा जा सकता।

वीर निर्वाण की दसवीं शताब्दी (९८० ९९३) में देवर्द्धिगणी ने आगमों का संकलन किया था। उस समय उत्तराध्ययन के आकार प्रकार व विषय-वस्तु में कोई अभिवृद्धि की या नहीं की इसका प्रमाण उपलब्ध नहीं है किन्तु नहीं की ऐसा मानने का कोई कारण नहीं है। अतः उत्तराध्ययन को हम एक शताब्दी की विचारधारा का प्रतिनिधि सूत्र नहीं कह सकते हैं। इसमें जहाँ वेद और ब्राह्मण साहित्य-कालीन यज्ञ और जातिवाद की चर्चा है वहाँ द्रव्य, गुण और पर्याय की परिभाषाएँ भी हैं। इन परिभाषाओं को उत्तरकालीन (ई०पू० ४ थी से ई०पू० पहली शताब्दी) माना जाए तो यह निष्पन्न होता है कि उत्तराध्ययन के अध्ययन विभिन्न कालों में निर्मित हुए और अन्तिम वाचना के समय देवर्द्धिगणी ने उनको छत्तीस अध्ययनात्मक एक ग्रन्थ के रूप में संकलित किया। इसीलिए समवायांग में छत्तीस उत्तर अध्ययनों के नाम उल्लिखित हुए। अन्यथा अंग-साहित्य में इनका उल्लेख सम्भव नहीं होता। वर्तमान संकलन को सामने रखकर हम चिन्तन करें तो उत्तराध्ययन के संकलयिता देवर्द्धिगणी हैं। इसके प्रारम्भिक संकलन और देवर्द्धिगणी कालीन संकलन में अध्ययनों की संख्या और विषय वस्तु में पर्याप्त अन्तर आया है।

विषय-वस्तु की दृष्टि से उत्तराध्ययन के अध्ययन चार भागों में विभक्त होते हैं—

(१) धर्मकथात्मक—७ ८ ९ १२ १३ १४ १८ १९ २० २१ २२ २३ २५ और २७।

(२) उपदेशात्मक—१ ३ ४ ५ ६ और १०

(३) आचारात्मक—२ ११ १५ १६ १७ २४ २६ ३२ और ३५।

(४) सैद्धान्तिक—२८ २९ ३० ३१ ३३ ३४ और ३६।

१–उत्तराध्ययन चूर्णि पृष्ठ १५७
केचिदन्यथा पठंति—एव से उदाहु अरहा पासे पुरिसादाणीए।
भगवंते वेसालीए बुद्धे परिणिव्वुडे॥

२–दशवैकालिक भाग २ भूमिका पृष्ठ १५।

आर्य रक्षित सूरि (वि० शती प्रथम) ने आगमों के चार वर्ग किए—

(१) चरण-करणानुयोग (३) गणितानुयोग
(२) धर्मकथानुयोग (४) द्रव्यानुयोग

इस वर्गीकरण में उत्तराध्ययन धर्मकथानुयोग के अन्तर्गत गृहीत है।[1] पर आचारात्मकअध्ययन चरण-करणानुयोग में तथा सैद्धान्तिक अध्ययन द्रव्यानुयोग में समाते हैं। इस प्रकार उत्तराध्ययन का वर्तमान स्वरूप अनेक अनुयोगों का सम्मिश्रण है। यह सम्मिश्रण देवर्द्धिगणी के संकलन-काल में हुआ, यह बहुत संभव है।

कुछ विद्वानों का अभिमत है कि उत्तराध्ययन के पहले अठारह अध्ययन प्राचीन हैं और उत्तरवर्ती अठारह अध्ययन अर्वाचीन। किन्तु इस अभिमत की पुष्टि के लिए उन्होंने कोई निश्चित हेतु प्रस्तुत नहीं किया है। यह हो सकता है कि कुछ उत्तरवर्ती अध्ययन अर्वाचीन हों, किन्तु सारे उत्तरवर्ती अध्ययन अर्वाचीन हैं, ऐसा मानने के लिए कोई कारण प्राप्त नहीं है। इकतीसवें अध्ययन में आचारांग, सूत्रकृतांग आदि प्राचीन आगमों के साथ-साथ दशाश्रुतस्कन्ध, बृहत्कल्प, व्यवहार और निशीथ जैसे अर्वाचीन आगमों के नाम भी उपलब्ध होते हैं।[2] ये श्रुतकेवली भद्रबाहु (वीर-निर्वाण दूसरी शती) द्वारा निर्यूढ या कृत हैं।[3] इसलिए प्रस्तुत अध्ययन भद्रबाहु के बाद की रचना है।

१—उत्तराध्ययन चूर्णि, पृष्ठ १ :
अत्र धम्माणुयोगेनाधिकारः।

२—उत्तराध्ययन, ३१।१६-१८ :
तेवीसइ सूयगडे, रूवाहिएसु सुरेसु अ।
जे भिक्खू जयई निच्चं, से न अच्छइ मण्डले॥
पणवीसभावणाहिं, उद्देसेसु दसाइणं।
जे भिक्खू जयई निच्चं, से न अच्छइ मण्डले॥
अणगारगुणेहिं च, पकप्पम्मि तहेव य।
जे भिक्खू जयई निच्चं, से न अच्छइ मण्डले॥

३—(क) दशाश्रुतस्कन्ध निर्युक्ति, गाथा १ :
वंदामि भद्दबाहुं, पाईणं चरिमसयलसुयणाणिं।
सुत्तस्स कारगमिसिं, दसासु कप्पे य ववहारे॥
(ख) पंचकल्प भाष्य, गाथा २३, चूर्णि :
तेण भगवता आयारपकप्प दसाकप्प ववहारा य नवमपुव्वनीसंदभूता निज्जूढा।

अठारहवें अध्ययन में अंग और अंग-बाह्य—इन दो आगमिक विभागों के अतिरिक्त ग्यारह अंग, प्रकीर्णक और दृष्टिवाद का उल्लेख भी मिलता है।[1] प्राचीन आगमों में चौदह पूर्वों, ग्यारह अंगों या बारह अंगों के अध्ययन का वर्णन मिलता है। किन्तु अंग-बाह्य या प्रकीर्णक श्रुत के अध्ययन का वर्णन नहीं मिलता, इसलिए यह अध्ययन भी उत्तरकालीन आगम-व्यवस्था के आस-पास की रचना प्रतीत होता है।

इस अध्ययन में द्रव्य, गुण तथा पर्याय की परिभाषाएँ भी हैं। इनकी तुलना क्रमशः वैशेषिक दर्शन के द्रव्य, गुण और कर्म से की जा सकती है—

उत्तराध्ययन[2]	वैशेषिक दर्शन[3]
(१) द्रव्य—	(१) द्रव्य—
गुणाणमासओ दव्वं	क्रियागुणवत् समवायिकारणमिति द्रव्यलक्षणम्।
(२) गुण—	(२) गुण—
एगदव्वस्सिया गुणा।	द्रव्याश्रय्यगुणवान् संयोगविभागेष्वकारणमनपेक्ष इति गुणलक्षणम्।
(३) पर्याय—	(३) कर्म—
लक्खणं पज्जवाणं तु उभओ अस्सिया भवे।	एकद्रव्यमगुणं संयोगविभागेष्वनपेक्षकारणमिति कर्म-लक्षणम्।

आगम साहित्य में द्रव्य, गुण और पर्याय की परिभाषा प्रथम बार उत्तराध्ययन में प्राप्त होती है। आगमों में विवरणात्मक अंश ही अधिक मिलते हैं, सम्मित परिभाषाएँ प्रायः नहीं मिलतीं। इसकी पूर्ति व्याख्या-ग्रन्थों से होती है। उत्तराध्ययन में ये परिभाषाएँ विशेष अर्थ-सूचक हैं। प्रस्तुत अध्ययन के कर्ता वैशेषिक दर्शन की उक्त परिभाषाओं से परिचित रहे हैं, ऐसा प्रतीत होता है। इसलिए यह अध्ययन भी अर्वाचीन संकलन में संकलित हुआ—ऐसा अनुमान होता है। उत्तराध्ययन के प्राचीन संस्करण में कितने अध्ययन संकलित थे और अर्वाचीन संस्करण में कितने अध्ययन संकलित किए गये, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। किन्तु स्थूल रूप में इतना कहा जा सकता है कि प्राचीन संस्करण का मुख्य भाग कथा भाग था और अर्वाचीन परिवर्द्धन का मुख्य भाग सैद्धान्तिक है।

१—(क) उत्तराध्ययन २८।२१
 अंगेण बाहिरेण व ।
 (ख) वही २८।२३
 एक्कारस अंगाइं पइण्णगं दिट्ठिवाओ य ॥

२—वही, २८।६।

३—वैशेषिक दर्शन, प्रथम अध्याय, प्रथम आह्निक, सूत्र १५, १७।

उत्तराध्ययन की विषय-वस्तु का उल्लेख श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों परम्पराओं में मिलता है।

'जैन सिद्धान्त भवन', आरा (बिहार) में प्राप्त धवला की प्रति (पत्र ५४५) में मिलता है—"उत्तराध्ययन में उद्गम, उत्पादन और एषणा से सम्बन्धित दोषों के प्रायश्चित्तों का विधान है।"[1]

अंगपण्णत्ति में लिखा है—"बाईस परीषहों और चार प्रकार के उपसर्गों के सहन का विधान, उसका फल तथा इस प्रश्न का यह उत्तर है—यह उत्तराध्ययन का प्रतिपाद्य विषय है।"[2]

धवला में यह भी लिखा है कि उत्तराध्ययन उत्तरपदों का वर्णन करता है।[3]

हरिवंश पुराण (वि० सं० ८४०) में लिखा है कि उत्तराध्ययन में वीर-निर्वाणगमन का वर्णन है।[4]

इस प्रकार दिगम्बर-साहित्य में उत्तराध्ययन की विषय-वस्तु का जो वर्णन मिलता है, उसकी संगति उत्तराध्ययन के वर्तमान स्वरूप से नहीं होती। अंगपण्णत्ति का विषय-वर्णन आंशिक रूप से संगत होता है। जैसे—

(१) बाईस परीषहों के सहन का विधान, देखिए—दूसरा अध्ययन।

(२) प्रश्नों के उत्तर, देखिए—उनतीसवाँ अध्ययन।

प्रायश्चित्त विधि के वर्णन तथा महावीर के निर्वाण-प्राप्ति के वर्णन की वर्तमान उत्तराध्ययन के साथ कोई संगति नहीं। संभव है इन लेखकों के सामने उत्तराध्ययन का कोई दूसरा संस्करण रहा है या भ्रान्त अनुश्रुति के आधार पर ऐसा लिखा है।

दिगम्बर-साहित्य से एक बात निश्चित रूप से फलित होती है कि उत्तराध्ययन

१–उत्तरज्झयणं उग्गमुप्पायणेसणदोसगयपायच्छित्तविहाणं कालादि विसेसिदं वण्णेदि।

२–अंगपण्णत्ति, ३।२५,२६ :

उत्तराणि अहिज्जंति, उत्तरज्झयणं मदं जिणिंदेहिं।
बावीसपरीसहाणं, उवसग्गाणं च सहणविहिं॥
वण्णेदि तप्फलमवि, एवं पण्हे च उत्तरं एवं।
कहदि गुरुसीसयाण, पइण्णिय अट्ठमं तं खु॥

३–धवला, पृष्ठ ९७ (सहारनपुर प्रति) :

उत्तरज्झयणं उत्तरपदाणि वण्णेइ।

४–हरिवंश पुराण, १०।१३४ :

उत्तराध्ययनं वीर-निर्वाणगमनं तथा।

अंग-बाह्य प्रकीर्णक है। इसका अर्थ यह हुआ कि वह आरातीय आचार्यों (गणधरों के उत्तर कालीन आचार्यों) की रचना है।[१]

श्वेताम्बर-साहित्य में उत्तराध्ययन की विषय-वस्तु का वर्णन वही मिलता है, जो वर्तमान उत्तराध्ययन में प्राप्त है।[२]

वीर-निर्वाण की पहली शताब्दी की पूर्ति के साथ साथ दशवैकालिक की रचना हो चुकी थी। उत्तराध्ययन उससे पूर्ववर्ती रचना है। वह आचारांग के बाद पढ़ा जाने लगा था। उसे अपनी विशेषता के कारण थोड़े समय में ही महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त हो चुका था। इस स्थिति के संदर्भ में यह अनुमान किया जा सकता है कि उत्तराध्ययन के प्रारम्भिक संस्करण की संकलना वीर-निर्वाण की पहली शताब्दी के पूर्वार्द्ध में ही हो चुकी थी।

उत्तराध्ययन के प्रारम्भिक संस्करण की प्राचीनता असंदिग्ध है। उसकी प्राचीनता जानने के दो साधन हैं—

(१) भाषा-प्रयोग और

(२) सिद्धान्त।

भाषा-प्रयोग तीसरे अध्ययन (श्लोक १४) में 'जक्ख' (सं० यक्ष) शब्द का 'अर्चनीय देव' के अर्थ में प्रयोग हुआ है। यह प्रयोग इसकी प्राचीनता का सूचक है। यज्ञ के उत्कर्ष काल में ही 'यक्ष' शब्द उत्कर्षवाची था। दोनों की निष्पत्ति एक ही धातु (यज्) से है। यज्ञ के अपकर्ष के साथ-साथ 'यक्ष' शब्द के अर्थ का भी अपकर्ष हो गया। उत्तरकालीन साहित्य में वह देवों की एक हीन जाति का वाचक मात्र रह गया।

इसी प्रकार 'पाढव' (३।१३) 'कुसीमओ' (५।१८) 'मिलेक्खुया' (१०।१६) 'अज्झत्थ' (६।६) 'ममिय' (६।४) आदि अनेक शब्द हैं, जो आचारांग और सूत्रकृतांग जैसे प्राचीन आगमों में ही मिलते हैं।

सिद्धान्त : जातिवाद (अध्ययन १२ और १३) यज्ञ एवं तीर्थस्नान (अध्ययन १२) ब्राह्मणों के लक्षणों का प्रतिपादन (अध्ययन २५) ये इन अध्ययनों की प्राचीनता के सूचक हैं। ये सम्बन्धित चर्चाओं के उत्कर्ष काल में लिखे गए हैं अन्यथा शान्त चर्चा का

१–तत्त्वार्थवार्तिक, १।२०, पृष्ठ ७८

यद् गणधरशिष्यप्रशिष्यैरारातीयैरधिगतश्रुतार्थतत्त्वैः कालदोषादल्पमेधायुर्बलानां प्राणिनामनुग्रहार्थमुपनिबद्धं संक्षिप्ताङ्गार्थवचनविन्यासं तदङ्गबाह्यम्।
तद्भेदा उत्तराध्ययनादयोऽनेकविधाः।

२–उत्तराध्ययन निर्युक्ति, १८-२६।

इसकी समापना के साथ प्रतिपादन नहीं हो सकता। इसी तथ्य के आधार पर कहा जा सकता है कि ये अध्ययन महावीर-कालीन अथवा उनके परिपार्श्व-कालीन हैं। संभव है कुछ अध्ययन पूर्ववर्ती भी हों।

चिकित्सा का वर्जन (२।३२,३३), परिकर्म का वर्जन (अध्ययन १९), अचेलकता का प्रतिपादन (२।३४,३५ ; २३।२९) तथा अचेलकता और सचेलकता की सामंजस्यपूर्ण स्थिति का स्वीकार (२।१२,१३)—ये सभी जैन आचार की प्राचीनतम परम्परा के अवशेष है जो उत्तरवर्ती साहित्य में नवीन परम्पराओं की पृष्ठभूमि में प्रश्न-चिह्न बने हुए है।

उत्तराध्ययन अपने मूल रूप में धर्मकथानुयोग है। इसके कथा-भाग में भगवान् महावीर के उत्तरकालीन किसी भी राजा, मुनि या व्यक्ति का नाम नहीं है। इससे भी यह ज्ञात होता है कि इसका प्रारम्भिक संस्करण भगवान् महावीर के निर्वाण-काल के आस-पास ही संकलित हो गया था।

१६ : क्या उत्तराध्ययन भगवान् महावीर की अंतिम वाणी है ?

कल्पसूत्र में बताया गया है कि भगवान् महावीर कल्याणफल-विपाक वाले ५५ अध्ययनों, पाप-फल वाले ५५ अध्ययनों तथा ३६ अपृष्ट-व्याकरणों का व्याकरण कर 'प्रधान' नामक अध्ययन का निरूपण करते-करते सिद्ध-बुद्ध-मुक्त हो गए।[1]

उपर्युक्त उद्धरण के आधार पर यह माना जाता है कि छत्तीस अपृष्ट-व्याकरण वस्तुतः उत्तराध्ययन के छत्तीस अध्ययन ही हैं। उत्तराध्ययन के अंतिम श्लोक (३६।२६८) से इसकी पुष्टि की जाती है—

> इइ पाउकरे बुद्धे, नायए परिनिव्वुए।
> छत्तीसं उत्तरज्झाए, भवसिद्धीयसंमए॥

चूर्णिकार ने इसका अर्थ निम्न प्रकार किया है—ज्ञातकुल में उत्पन्न वर्द्धमान स्वामी छत्तीस उत्तराध्ययनों का प्रकाशन या प्रज्ञापन कर परिनिर्वाण को प्राप्त हुए।[2]

१—कल्पसूत्र, सूत्र १४६ :

···पच्चूसकालसमयंसि संपलियंकनिसन्ने पणपन्नं अज्झयणाइं कल्लाण-फलविवागाइं पणपन्नं अज्झयणाइं पावफलविवागाइं छत्तीसं च अपुट्ठवागरणाइं वागरित्ता पधाणं नाम अज्झयणं विभावेमाणे २ कालगए वितिक्कंते समुज्जाए छिन्नजाइजरामरणबंधणे सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतकडे परिनिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

२—उत्तराध्ययन चूर्णि, पृष्ठ २८३ :

इति परिसमाप्तौ उपप्रदर्शने च, प्रादुः प्रकाशे, प्रकाशीकृत्य—प्रज्ञापयित्वा बुद्धः—अवगतार्थः ज्ञातकः—ज्ञातकुलसमुद्भवः वर्द्धमानस्वामी, ततः परिनिर्वाणं गतः, किं प्रज्ञापयित्वा ?, षट्त्रिंशदुत्तराध्ययनानि।

शान्त्याचार्य ने चूर्णिकार का अनुसरण करते हुए भी इसमें अपनी ओर से दो बातें और जोड़ी है। पहली यह है कि भगवान महावीर ने उत्तराध्ययन के कुछ अध्ययनों का अर्थ रूप में और कुछ अध्ययनों का सूत्र रूप में प्रज्ञापन किया।[1] दूसरी यह कि उन्होंने परिनिवृ'त का वैकल्पिक अर्थ स्वस्थीभूत किया है।[2]

निर्युक्तिकार ने इन अध्ययनों को जिन प्रज्ञप्त बतलाया है।[3] शान्त्याचार्य ने 'जिन' शब्द का अर्थ श्रुत जिन अर्थात् श्रुतकेवली किया है।[4]

निर्युक्तिकार के अभिमतानुसार ये छत्तीस अध्ययन श्रुतकेवली आदि स्थविरों द्वारा प्ररूपित हैं। उन्होंने इसकी भी कोई चर्चा नहीं की कि भगवान ने अन्तिम देशना में इन छत्तीस अध्ययनों का प्ररूपण किया। बृहद्वृत्तिकार शान्त्याचार्य भी परिनिर्वाण के विषय में असंदिग्ध नहीं है। केवल चूर्णिकार ने अपना असंदिग्ध मत प्रगट किया है।

उत्तराध्ययन के अध्ययनों की संख्या ३६ होने के कारण सहज ही उस ओर ध्यान जाता है कि कल्पसूत्र में उल्लिखित ३६ अपृष्ट-व्याकरण ये ही होने चाहिए। यहाँ यह स्मरणीय है कि समवायांग में छत्तीस अपृष्ट-व्याकरणों का उल्लेख नहीं है। वहाँ केवल इतना ही बतलाया गया है कि भगवान महावीर ने अंतिम रात्रि के समय ५५ कल्याण

१–उत्तराध्ययन बृहद्वृत्ति, पत्र ७१२

इति इत्यनन्तरमुपवर्णितान् पाउकरे'त्ति सूत्रत्वात् 'प्रादुष्कृत्य' कांश्चिदर्थत काश्चन सूत्रतोऽपि प्रकाश्य कोऽर्थ ? प्रज्ञाप्य, किमित्याह— परिनिर्वृ'त' निर्वाण गत इति सम्बन्धनीयम् कीदृश सन् क इत्याह— बुद्ध' केवलज्ञानादवगतसकलवस्तुतत्त्व ज्ञातको' ज्ञातजो' वा— ज्ञातकुलसमुद्भव, स चेह भगवान् वर्द्धमानस्वामी षट्त्रिंशद्' इति षट्त्रिंशत्संख्या उत्तरा— प्रधाना अधीयन्त इत्यध्याया— अध्ययनानि तत उत्तराश्च तेऽध्यायाश्चोत्तराध्यायास्तान् विनयश्रुतादीन् ।

२–वही, पत्र ७१२

अथवा पाउकरे'त्ति प्रादुरकार्षीत् प्रकाशितवान्, शेष पूर्ववत् नवर परिनिर्वृ'त' क्रोधादिदहनोपशमत समन्तात्स्वस्थीभूत ।

३–उत्तराध्ययन निर्युक्ति गाथा ५५९

तम्हा जिणपन्नत्ते अणतगमपज्जवेहि संजुत्ते ।
अज्झाए जहाजोग गुरुप्पसाया अहिज्झिज्जा ॥

४–उत्तराध्ययन बृहद्वृत्ति पत्र ७१३

तस्मात् जिनै श्रुतजिनादिभि प्ररूपिता ।

फल-विपाक वाले अध्ययनों तथा ५५ पाप-फल-विपाक वाले अध्ययनों का व्याकरण कर परिनिर्वृत हुए।[1] समवायांग के छत्तीसवें समवाय में भी इसकी कोई चर्चा नहीं है।

उत्तराध्ययन की रचना तथा 'इइ एस धम्मे अक्खाए, कविलेणं च विसुद्धपन्नेणं' जैसे उल्लेखों से यह प्रमाणित नहीं होता कि ये सब अध्ययन महावीर के द्वारा निरूपित हैं। निर्युक्ति के साक्ष्य से इसकी चर्चा हम पहले कर चुके हैं। अठारहवें अध्ययन के चौबीसवें श्लोक के प्रथम दो चरण वे ही हैं, जो छत्तीसवें अध्ययन के अंतिम श्लोक के हैं—

१८।२४	३६।२६८
इइ पाउकरे बुद्धे	इइ पाउकरे बुद्धे
नायए परिनिव्वुडे।	नायए परिनिव्वुए।
विज्जाचरणसंपन्ने	छत्तीसं उत्तरज्झाए
सच्चे सच्चपरक्कमे॥	भवसिद्धीयसंमए॥

अठारहवें अध्ययन के चौबीसवें श्लोक के पूर्वार्द्ध का जो अर्थ वृत्तिकार ने किया है, वही अर्थ छत्तीसवें श्लोक के पूर्वार्द्ध का होना चाहिए। वृत्तिकार ने चौबीसवें श्लोक के पूर्वार्द्ध की व्याख्या इस प्रकार की है—बुद्ध (अवगत तत्त्व), परिनिर्वृत (शीतीभूत), ज्ञातपुत्र महावीर ने इस तत्त्व का प्रज्ञापन किया है।[2] इस अर्थ के संदर्भ मे जब हम छत्तीसवें अध्ययन के अंतिम श्लोक को पढ़ते हैं, तब उससे यह फलित नहीं होता कि ज्ञातपुत्र महावीर छत्तीस अध्ययनों का प्रज्ञापन कर परिनिर्वाण को प्राप्त हुए।

महावीर की परम्परा में जो अर्थ-प्रतिपादन होता है, वह उनकी धर्मदेशना के आधार पर होता है। इसी पारंपरिक सत्य का उल्लेख उत्तराध्ययन के संकलनकर्त्ता ने अन्तिम श्लोक में किया है।

१७ : महावीर-वाणी का प्रतिनिधि सूत्र

अविकल उत्तराध्ययन भगवान् महावीर की प्रत्यक्ष वाणी भले न हो, किन्तु उसमें भगवान् महावीर की वाणी का जिस समीचीन पद्धति से संगुम्फन हुआ है, उसे देख कर सहज ही यह कहने को मन ललचा उठता है कि यह महावीर-वाणी का प्रतिनिधि सूत्र है।

अहिंसा, अपरिग्रह आदि तत्त्व नवीन नहीं हैं और भगवान् महावीर के समय में भी नवीन नहीं थे। उनसे पहले अनेक तीर्थङ्कर और धर्माचार्य उनका प्रयोग कर चुके थे।

१—समवायांग, समवाय ५५।

२—उत्तराध्ययन बृहद्वृत्ति, पत्र ४४४ :

इत्येवंरूपं 'पाउकरे'त्ति प्रादुरकार्षीत्—प्रकटितवान् 'बुद्धः' अवगततत्त्वः सन् ज्ञात एव ज्ञातकः—जगत्प्रतीतः क्षत्रियो वा, स चेह प्रस्तावान्महावीर एव, 'परिनिर्वृतः' कषायानलविध्यापनात्समन्ताच्छीतीभूतः।

किन्तु भगवान् महावीर ने तात्कालिक परिस्थितियों के संदर्भ में उसकी जो अभिव्यक्ति दी, वह उसका नवीन रूप है[१]। भगवान् महावीर के समय की सामाजिक परिस्थिति में अहिंसा और अपरिग्रह के मुख्य बाधक-तत्त्व ये थे—

(१) दास-प्रथा	(४) अमित संग्रह
(२) जातिवाद	(५) दण्ड का उच्छृंखल प्रयोग
(३) पशुबलि	(६) अनियंत्रित भोग

इन बाधक-तत्त्वों के निरसन के लिए भगवान् महावीर ने जिस विचारधारा का प्रतिपादन किया उसका हृदयग्राही सकलन उत्तराध्ययन में हुआ है।

पार्श्वनाथ के समय में चार महाव्रत थे और सामायिक चारित्र था। भगवान् *महावीर ने महाव्रत पाँच किए और छेदोपस्थापनीय चारित्र की व्यवस्था की।* छेदोपस्थापनीय का अर्थ है - विभाग-युक्त चारित्र।

पूज्यपाद (वि० ५-६ शताब्दी) ने लिखा है "भगवान् महावीर ने चारित्र धर्म के तेरह विभाग किए—पाँच महाव्रत, पाँच समितियाँ और तीन गुप्तियाँ। ये विभाग पार्श्वनाथ के समय में नहीं थे।"[१]

उत्तराध्ययन में इसका सुव्यवस्थित प्रतिपादन हुआ है। षड्जीवनिकायवाद महावीर के तत्त्ववाद का प्रधान अंग है। जीव विषयक इतना व्यवस्थित और विस्तृत प्रतिपादन अन्य किसी धर्म-परम्परा में नहीं था। आचार्य सिद्धसेन ने इसे भगवान् महावीर की सर्वज्ञता की कसौटी के रूप में प्रस्तुत किया है।[२]

उत्तराध्ययन में जीव-विभक्ति का भी एक सुन्दर प्रकरण है। अजीव-विभक्ति, कर्मवाद, षड्द्रव्य, नव तत्त्व आदि-आदि भी समुचित रूपेण प्रतिपादित हुए हैं।

यद्यपि उत्तराध्ययन को धर्मकथानुयोग के अन्तर्गत रखा गया है, किन्तु अपने वर्तमान आकार में वह चारों अनुयोगों का संगम है। इस दृष्टि से इसे महावीर-वाणी (आगमों) का प्रतिनिधि सूत्र कहा जा सकता है।

१–चारित्र भक्ति, ७

तिस्रः सत्तमगुप्तयस्तनुमनोभाषानिमित्तोदयाः
पंचेर्यादिसमाश्रयाः समितयः पंचव्रतानीत्यपि।
चारित्रोपहितं त्रयोदशतयं पूर्वं न दिष्टं परै-
राचारं परमेष्ठिनो जिनमतेर्वीरान् नमामो वयम्॥

२–प्रथम द्वात्रिंशिका, श्लोक १३

य एष षड्जीवनिकायविस्तरः परैरनालीढपथस्त्वयोदितः।
अनेन सर्वज्ञपरीक्षणक्षमा—स्त्वयि प्रसादोदयसोत्सवाः स्थिताः॥

१८ : उत्तराध्ययन : आकार और विषय-वस्तु

उत्तराध्ययन के छत्तीस अध्ययन हैं। यह संकलित सूत्र है। इसका प्रारम्भिक संकलन वीर-निर्वाण की पहली शताब्दी के पूर्वार्द्ध में हुआ। उत्तरकालीन संस्करण देवर्द्धिगणी के समय में सम्पन्न हुआ। वर्तमान अध्ययनों के नाम समवायांग तथा उत्तराध्ययन निर्युक्ति में मिलते हैं। उनमें क्वचित् थोड़ा अन्तर भी है—

समवायांग[1]	उत्तराध्ययन निर्युक्ति[2]
१. विणयसुयं	विणयसुयं
२. परीसह	परीसह
३. चाउरंगिज्जं	चउरंगिज्जं
४. असंखयं	असंखयं
५. अकाममरणिज्जं	अकाममरणं
६. पुरिसविज्जा	नियंठ (खुड्डागनियंठ[3])
७. उरब्भिज्जं	ओरब्भं
८. काविलिज्जं	काविलिज्जं
९. नमिपव्वज्जा	णमिपव्वज्जा
१०. दुमपत्तयं	दुमपत्तयं
११. बहुसुयपूजा	बहुसुयपुज्जं
१२. हरिएसिज्जं	हरिएस
१३. चित्तसंभूयं	चित्तसंभूइ
१४. उसुकारिज्जं	उसुआरिज्जं

१—समवायांग, समवाय ३६।

२—उत्तराध्ययन निर्युक्ति, गाथा १३-१७।

३—वही, गाथा २४३ :

एसा खलु निज्जुत्ती खुड्डागनियंठसुत्तस्स।

१५ सभिक्खुग	सभिक्खु
१६ समाहिठाणाई	समाहिठाण
१७ पावसमणिज्ज	पावसमणिज्ज
१८ संजइज्ज	संजईज्ज
१९ मियचारिता	मियचारिया
२० अणाहपव्वज्जा	नियठिज्ज (महानियंठ[1])
२१ समुद्दपालिज्ज	समुद्दपालिज्ज
२२ रहनेमिज्ज	रहनेमीय
२३ गोयमकेसिज्ज	केसिगोयमिज्ज
२४ समितीओ	समिइओ
२५ जन्नतिज्ज	जन्नइज्ज
२६ सामायारी	सामायारी
२७ खलुंकिज्ज	खलुंकिज्ज
२८ मोक्खमग्गगई	मुक्खगई
२९ अप्पमाओ	अप्पमाओ
३० तवोमग्गो	तव
३१ चरणविही	चरण
३२ पमायट्ठाणाइ	पमायठाण
३३ कम्मपगडी	कम्मपयडी
३४ लेसज्झयण	लेसा
३५ अणगारमग्गे	अणगारमग्ग
३६ जीवाजीवविभत्ती	जीवाजीवविभत्ती

१—उत्तराध्ययन निर्युक्ति गाथा ४२२
एसा खलु निज्जुत्ती महानियंठस्स सुत्तस्स ।

निर्युक्ति के अनुसार छत्तीस अध्ययनों का विषय-वर्णन इस प्रकार है[1] :

अध्ययन	श्लोक	सूत्र	विषय
१	४८		विनय
२	४६	३	ग्राम-कण्ट-सहन का विधान।
३	२०		चार दुर्लभ अंगों का प्रतिपादन।
४	१३		प्रमाद और अप्रमाद का प्रतिपादन।
५	३२		मरण-विभक्ति—अकाम और सकाम मरण।
६	१७		विद्या और आचरण।

१—उत्तराध्ययन निर्युक्ति, गाथा १८-२७ :

पढमे विणओ बीए परिसहा दुलहंगया तइय।
अहिगारो य चउत्थे होइ पमायप्पमाएत्ति ॥
मरणविभत्ती पुण पंचमम्मि विज्जा चरणं च छट्ठअज्झयणे।
रसगेहिपरिच्चाओ सत्तमे अट्ठमि अलाभे ॥
